CMYK

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 24° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 22 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 4 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी के कर्मचारियों-पेंशनरों को राहत, डीए 2 प्रतिशत बढ़ा पेज 2




हार्दिक पंड्या पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना खेल टाइम्स




इबोला का डर: नजर रखें और सतर्क रहें सम्पादकीय



पाकिस्तान के जरिये अमेरिका का नया युद्ध विराम प्रस्ताव पेज 12

## कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक

शाह आज़म राना

**नई दिल्ली।** छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। यह देश की किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से ज्यादा है।

इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, 'आप' के 19 लाख और सीपीआई (एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के एक्स पर भी 1.93 लाख




- **CJP ने नया अकाउंट बनाया**
- **इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.5 करोड़ फॉलोअर्स**

से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके थे। हालांकि, एक्स अकाउंट गुरुवार करीब 12 बजे ब्लॉक हो गया। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। सीजेपी का एक्स अकाउंट भारत में बैन कर दिया गया है। एक्स के मुताबिक उसने भारत में स्थानीय नियमों, कोर्ट के आदेश या कानूनी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की है। इसके बाद संगठन ने नया अकाउंट बना लिया। 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। इसके एक दिन बाद सीजेपी पार्टी बनाई गई थी।

## पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा मारा गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है। यह घटना मुजफ्फराबाद में हुई, जहां उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं।

गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह 2017 में यह कहकर पाकिस्तान गया था कि वह उच्च शिक्षा के लिए जा रहा है, लेकिन बाद में वह आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और जल्दी ही कमांडर बन गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुजफ्फराबाद के एआईएसएस कॉलेज के बाहर हमजा की कार सड़क पर जाम में फंसी हुई थी, तभी हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं,



- **पीओके के मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने गोलिया बरसाई**
- **गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ा**

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर बाइक से आए थे और उन्होंने बुर्का पहन रखा था। अल-बद्र में शामिल होने के बाद वह कश्मीर लौटा। उस पर दक्षिण कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाने और उन्हें आतंकी संगठनों में शामिल करने का आरोप था। उसका नेटवर्क मुख्य रूप से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय था। हमजा बुरहान को केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में आतंकवादी घोषित किया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो पाकिस्तान में हमजा अपनी पहचान छिपाने के लिए एक स्कूल में प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रहा था। अपने लोगों के बीच वह डाक्टर के नाम से प्रसिद्ध था। हमजा ने कश्मीर में रहने के दौरान उसने पुलवामा से शोपियां तक अपना नेटवर्क फैलाया। उसकी मौत को पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह उन प्रमुख लोगों में से था, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान- आधारित आतंकी संगठनों के लिए काम करते थे। हमजा मारे गए आतंकियों अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुरहान का असली नाम अर्जुमंद गुलजार डार है। हमजा बुरहान पुलवामा के रत्नीपोरा का रहने वाला था। 2017 में पाकिस्तान जाकर हमजा आतंकवादी संगठन अल बद्र में शामिल हो गया। अल बद्र को भारत में एक आतंकी संगठन के तौर पर लिस्ट किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलाश मानसरोवर के लिए एक हजार यात्रियों का चयन

**नई दिल्ली।** पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए इस वर्ष एक हजार यात्रियों का चयन किया गया है। यह यात्रा जून में शुरू होकर अगस्त में संपन्न होगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा किया। इस ड्रा में निष्पक्ष और कंप्यूटर-आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक हजार यात्रियों का चयन किया गया। चुने हुए यात्री लिपुलेख और नाथू ला दर्रे से होते हुए 20 बैचों में यात्रा करेंगे, जिनमें से प्रत्येक बैच में 50 यात्री होंगे। दोनों मार्ग अब मोटर चालन के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हो गए हैं और इनमें बहुत कम ट्रैकिंग मार्ग शामिल है।

### ई-सिगरेट तस्करी पर कार्रवाई, 120 करोड़ रुपये का माल जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की एजेंसी राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 करोड़ रुपये मूल्य की 3,00,000 ई-सिगरेट अथवा वेप्स जब्त की है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार डीआरआई ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरुद्ध पिछले कुछ दिनों में इन राज्यों के कुछ बंदरगाहों, हवाई अड्डों और आईसीडी (सूचना नियंत्रण केंद्र) में चलाए गए अपने अभियान में व्यापक स्तर पर ई-सिगरेट (वेप) तस्करी के एक गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है।

### अभिषेक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से हाईकोर्ट का इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया। यह मामला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ टिप्पणी करने से जुड़ा है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने याचिका को खारिज करते हुए श्री बनर्जी की कथित तौर पर की गई टिप्पणियों की गैर-जिम्मेदाराना प्रकृति पर सवाल उठाए।

## उप्र, मप्र व हरियाणा में मिस्र व सऊदी अरब जितनी गर्मी

### नौतपा से 4 दिन पहले ही 48 डिग्री पहुंचा पारा, यूपी में गर्मी से 8 छात्राएं बेहोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री सेल्सियस और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान वाले टॉप-5 शहरों में खजुराहो 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ चौथे नंबर पर रहा। इधर, बलरामपुर में भीषण गर्मी के कारण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई के दौरान 8 छात्राएं बेहोश हो गईं। सभी को उल्टी, सिरदर्द और बेहोशी जैसी शिकायतें -शेष पृष्ठ दो पर



**बांदा से ज्यादा तापमान मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री और सऊदी के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा**

### दिल्ली में मई की सबसे गर्म रात, टूटा 15 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मई महीने की अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की गई, जब न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।यह पिछले लगभग 15 वर्षों में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। इससे पहले 26 मई 2012 को न्यूनतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सफदरजंग और लोधी रोड सहित कई स्टेशनों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति रही। गर्म रात तब घोषित की जाती है, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

## बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना हुआ अनिवार्य

कोलकाता, वार्ता

- **राज्य में सीसीए लागू, BSF को फेंसिंग के लिए जमीन दी, 12 दिन में सरकार के 12 बड़े फैसले**

**पश्चिम बंगाल** सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया।

जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी माडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी। 12 दिनों में बंगाल सरकार के 12 बड़े फैसले लिए हैं, जिनमें बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन सौंपना- भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने और बाड़ (फेंसिंग) लगाने के लिए बीएसएफ को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा। बंगाल में सीसीए की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, सीसीए के तहत आने वाले 7 समुदायों और 31 दिसम्बर 2024 तक भारत आए लोगों को नागरिकता कानून का लाभ मिलेगा। पुलिस उन्हें हिरासत में नहीं ले सकेगी।

### आरजी कर केस: कलकत्ता हाईकोर्ट का सीबीआई को दोबारा जांच का आदेश

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजीकर रेप-मर्डर केस को दबाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की 3 सदस्यीय एसआईटी बनाने का आदेश दिया। जिसकी अगुवाई सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के जॉइंट डायरेक्टर करेंगे। एसआईटी को 25 जून तक रिपोर्ट देनी होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई को उस रात के पूरे घटनाक्रम की दोबारा जांच करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जरूरत पड़ने पर किसी से भी पूछताछ करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह आदेश पीड़ित के माता पिता की तरफ से लगाई याचिका पर दिया। पिछले साल 17 मार्च को पैरेंट्स ने सीबीआई पर केस की सही जांच नहीं करने और मामले को दबाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डाक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डाक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। 20 जनवरी 2025 को सेशंस कोर्ट ने आरोपी संजय राय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

**नई दिल्ली।** बंगलूरु हवाई अड्डे पर उतरते समय गुरुवार को एयर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए।

दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है। टेलस्ट्राइक के बाद सभी

- **चालक दल सहित सभी यात्री सामान्य रूप से विमान से उतरे**

विमानों की संरचनात्मक समस्याओं के लिए जांच की जाती है। इस विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि टेलस्ट्राइक की घटना के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2651, जो एक नैरो-बॉडी एयरबस ए321 है, उसको निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है।

### नीट पेपर लीक केस में लातूर से डाक्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डा. मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ 'एम सर' से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने बुधवार को पुणे में पूछताछ के बाद अरेस्ट कर लिया। जानकारी गुरुवार को सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है। नीट पेपर लीक में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

## नैनीताल: भवाली के पास कार 200 मीटर खाई में गिरी

### दंपति व दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत, कार के परखच्चे उड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में गुरुवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। सभी लोगों ने मृतकों को खाई से बाहर निकालने में हर संभव मदद की।

गुरुवार को भवाली सेनिटोरियम के रातीघाट बाईपास में यूपी नंबर की एक कार ढैला गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में मूल रूप से खटीमा निवासी पति-पत्नी और उनके दो बच्चों समेत यूपी के लखनऊ निवासी चालक शामिल था। जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक महिंद्रा कार (यूपी-32-क्यूक्यू 1874) ढैला गांव से कुछ दूर पहले अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही -शेष पृष्ठ दो पर



- **राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर जताया दुख**

## मंत्री पद की शपथ लेते हुए विधायक बोले 'राहुल गांधी जिंदाबाद'

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु में** विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान 'कामराज अमर रहें', 'राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा कि ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।

वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वाल्थु' सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था। तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दो कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं।



- **तमिलनाडु में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार को राज्यपाल ने बीच में ही टोका**

किलियूर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता एस. राजेश कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने 'कामराज अमर रहें', 'भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस पर राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'यह आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।' राजेश कुमार भी मुस्कुराए और इसके बाद शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने चले गए। तमिलनाडु में परंपरा के मुताबिक सरकारी कार्यक्रमों में 'तमिल थाई वाल्थु' पहले बजाया जाता रहा है। अब क्रम बदल गया है। शपथ समारोह की शुरुआत में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और फिर राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। सबसे आखिर में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वल्थु' बजाया गया।

## सियासी फैसले की आलोचना करना उल्लंघन नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद कोर्ट पहुंचे थे राघव चड्ढा**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि राजनीतिक फैसलों की आलोचना व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी बदलना एक सार्वजनिक फैसला है। अदालत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बने वीडियो पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि यदि इन वीडियो पर आपत्ति है, तो विशेष याचिका दाखिल करें। व्यापक रोक लगाने की मांग नहीं की जा सकती।

CMYK

# नहर में डूबने से किशोर की मौत पर मातम



**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**मोरना।** गर्मी के प्रकोप के बढ़ते ही छोटे बच्चों व नवयुवकों ने नहर,रजबाहे व तालाब आदि का रुख किया है। जहाँ गर्मी से निजात पाना अक्सर जानलेवा साबित हुआ है। गांव खेड़ीफिरबाद में तेज़ गर्मी से बचने के लिये नहर में स्नान कर रहे नवयुवक की डूबकर पर मौत हो गयी।जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी है।ककरौली थाना क्षेत्र गांव खेड़ी फिरोजाबाद में गुरुवार की शाम 17 वर्षीय मुशीर पुत्र राशिद गांव स्थित नहर में अन्य युवको के संग नहा रहा था कि अचानक वह गहरे पानी की ओर चला गया।तथा गहरे पानी मे समा गया।मुशीर के लापता हो जाने से हड़कम्प मच गया। आनन फानन में नहर को जौली रेग्युलर से बंद कराया गया।जिसके बाद युवक को तलाश कर नहर से बाहर निकाला गया। युवक को जौली गांव स्थित चिकित्सक के पास ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक परिवार में इकलौता पुत्र था। मुशीर बेहड़ा सादात गांव स्थित स्वामी ओमनानन्द कॉलिज में 9 वी कक्षा का छात्र था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।जहां परिजनों ने घटना को एक हादसा बताते हुए कार्रवाई से इनकार कर दिया।मुशीर की मौत से पिता राशिद माता गुलशन छोटी बहन मन्तशा का रोरोकर बुरा हाल है। बता दे कि जिस तरह गर्मी बढ रही है, इसी तरह गांव कस्बे और शहर के बच्चे गर्मी से निजात पाने के लिए नहर, राजबाहे व स्वीमिंग पुल का सहारा ले रहे है। कुछ ही दिनों में नहर व राजवाहे में डूबने से कई बच्चों की जान भी चली गई है। ऐसे में परिवार को अपने छोटे बच्चों की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## पानी में डूबने से हुई आकाश की मौत, पांच से पूछताछ

**मोरना।** गाँव सिताबपुरी के आकाश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होना आया है। पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

भोपा थाना क्षेत्र के मजलिसपुर तोफिर ग्राम पंचायत के मजरा सीताबपुरी निवासी महिला अंतरेश ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बुधवार दोपहर वह अपने 20 वर्षीय बेटे आकाश के साथ खेत पर सिंचाई करने गई थी। आरोप है कि जब वह बराबर वाले खेत में गई तो इसी बीच उसके गांव के ही दो भाई नेत्रपाल व कविशर खेत पर पहुंचे और पानी की पाइपलाइन हटाने को कहा तो आकाश ने मना किया तो दोनों ने उसके बेटे के साथ मारपीट कर उसे उठाकर गंगा में फेंक दिया। किसानों ने युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने युवक को सीएचसी भिजवाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने घंटों हंगामा किया था। पुलिस ने 24 घंटे में हत्यारोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि आकाश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होना आया है। पुलिस ने नामजद दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बिहार की किशोरी संधावली से बरामद

## मौसी पर एक लाख रुपये में बेचने का आरोप, चाईल्ड लाईन ने की बरामद

**■ मौसी ने ही खेला पूरा खेल, तहरीर आने पर होगी कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गरीबी और तंगहाली की मार झेल रहे बिहार का गरीब परिवार रोजी रोटी के लिए उत्तराखण्ड के लिए देहरादून पहुंचा। यहां पर इस गरीब परिवार की मासूम बेटी को सगी मौसी ने उसका सौदा कर दिया। यह खुलासा बाल कल्याण समिति ने उसको बरामद कर किया है। किशोरी की बरामदगी के बाद उसकी बाल अवस्था में जबरन शादी का भी मामला सामने आया है। अब स्थानीय पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है यह तो आने वाला समय बतायेगा लेकिन बाल कल्याण समिति ने किशोरी को बरामद कर उसकी जान बचायी है।

मूल रूप से बिहार के सहरसा का रहने वाला गरीब परिवार तंगहाली से बचने के लिए रोजी रोटी कमाने के लिए उत्तराखण्ड के देहरादून पहुंचा। इस दौरान बच्चों की मां बीमार पडी तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। किशोरी को उसकी मौसी के पास भेज दिया गया। लेकिन इस गरीब परिवार को एक ओर परेशानी का सामना उस समय करना पडा जब मौसी ने मासूम का सौदा कर उसकी शादी करा दी। किशोरी को बंधक बनाने का आरोप लगाया गया। बताया जाता है कि किसी तरह चाईल्ड लाईन को एक गुप्त सूचना मिली जिसके बाद टीम संधावली में पहुंचकर किशोरी को मुक्त कराया इस मामले में मन्सूरपुर पुलिस तरह अन्जान बनी हुई। पुलिस का कहना है कि बाल कल्याण समिति एवे चाईल्ड लाईन इस मामले को देख रहा है ।पुलिस कहा कहना है कि तहरीर आने के बाद कार्यवाही की जायेगी। कुल मिलाकर रोजी रोटी के लिए तंगहाली के चलते बीमा से देहरादून आये के साथ यह घटना गई और इसका जिम्मेदार सगी मौसी काही बताय जार हा है।



मुजफ्फरनगर: भीषण गर्मी से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाती महिला।

# आईपीएल की खाईबाड़ी में पांच दबोचे

**■ एक लाख की नकदी, सात मोबाईल, लैपटाप,टेबलेट बरामद**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टे की खाईबाडी कर रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लाख रूपये की नकदी, 7 मोबाईल, एक लैपटाप बरामद किया है। पुलिस लाईन के सभाकक्ष में हुई प्रेस वार्ता के दौरान एसपी देहता अक्षय संजय महाडीक ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 20 मई को कस्बे के मोरना के प्रवेज पुत्र महमूद के घर आईपीएल मैच के दौरान 99 -ई.एक्स सी.एच.ऐप पर सट्टे की खाईबाडी की सूचना मिली। और यहां से भारी मात्रा में नकदी लैपटाप, टेबलेट बरामद की गई।

पुलिस ने इस दौरान प्रवेज पुत्र महमूद, साजिद पुत्र हसीब निवासी मोरना, गुलफाम पुत्र नूरहसन ग्राम रथेडी नई मंडी, दीपक पुत्र ऋषिपाल ग्राम मंधेडा थाना शाहपुर, जाहूलक पुत्र हुसैन अहमद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर मीरांपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि इनके पांच बैंको में खाते पाये गये है जिनमें लेन-देन किया गया है।



मुजफ्फरनगर: आईपीएल खाईबाड़ों की जानकारी देते एसपी देहात।

# ईद-उल-अजहा की नमाज का समय इस तरह रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईद-उल-अजहा नमाज का समय जारी कर दिया है। जिसके अनुसार ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज 6.30 बजे अदा की जायेगी। मस्जिद फक्करशाह में ईद-उल-अजहा की नमाज 6 बजकर 45 मिनट पर होगी, वही मस्जिद हौज वाली खालापार में ईद-उल-अजहा की नमाज 6 बजकर 45 मिनट पर होगी। ईद-उल अजहा की नमाज मस्जिद लियाकतपुरा चौड गली लद्दावाला में 6 बजकर 45 मिनट पर अदा की जायेगी और मस्जिद हौज वाली बकरा मार्किट में 6 बजकर 45 मिनट पर अदा होगी। मस्जिद पीर वाली मल्हूपुरा में ईद-उल-अजहा की नमाज 6 बजकर 45 मिनट पर और मस्जिद नूर वाली बघरा तांगा में ईद-उल-अजहा की नमाज 6 बजकर बजे व मस्जिद तकिया कौरेशाह हनुमान चौक पर 7.00 बजे अदा होगी। मस्जिद नुमाईश कैंप विकास भवन के सामने ईद-उल-अजहा की नमाज 7.00 बजे अदा की जायेगी और मस्जिद दाऊदिया मल्हूपुरा में ईद-उल-अजहा की नमाज 7.00 बजे होगी। मस्जिद कानूनगो बाग वाली मक्कीनगर में ईद-उल-अजहा की नमाज 7.00 बजे होगी। मस्जिद मुहम्मदी, रहमतनगर में ईद की 7 बजकर 15 मिनट पर होगी और मस्जिद मुजीबा गहरा बाग के सामने खालापार में ईद उल अजहा की नमाज 8.00 बजे अदा होगी।

## ईदुल अज़हा पर नई परंपरा शुरू न करें: डीएम

# आपसी भाईचारे एवं प्रेम भाव के साथ मनाएं बकरा ईद का त्योहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ईद-उल-अजहा बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सभी संबंधित अधिकारी गण एवं पुलिस अधिकारीगण व गणमान्य लोगों से बकरीद के पर्व को शांति व सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बकरीद पर कोई भी प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करे। कुर्बानी खुले स्थान पर न करके, निश्चित स्थान पर करते हुए एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा डालने की कोशिश न करें।



जिलाधिकारी ने कहा कि मुजफ्फरनगर के लोग एक दूसरे के सहयोग से जाने जाते हैं। यह सौहार्द हमेशा बना रहे । उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेषों को इधर-उधर नहीं फेंकें। नालियों में कुर्बानी का रक्त न बहाएं, कुर्बानी से निकलने वाले रक्त को नालियों में प्रवाहित न करके गड्ढा खोदकर एकत्र कर दबाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए।, यदि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रशासन व पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाओं को निर्देश दिए कि बकरीद ईद पर सफाई व्यवस्था एक दिन पहले सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रहे इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मस्जिद को जाने आने वाली सड़के ठीक रहें। पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए जनरेटर की व्यवस्था की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो।

# मुठभेड़ में 15 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**■ अवैध असलाह व अन्य सामान बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीरांपुर पुलिस ने मुठभेड के दौरान 15 हजार के इनामी को गिरफतार करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध असलाह, बाईक व अन्य सामान बरामद होना बताया है। मीरांपुर पुलिस ने संभलहेडा पटरी पर चैकिंग के दौरान बाइक सवार को रूकने का इशारा किया लेकिन बदमाश भागने लगा। प्रेस वार्ता में एसपी देहात संजय अक्ष्य ने जानकारी देते हुए बताया कि बदमाशों ने गोली चलाई तो जवाबी कार्यवाही में गोली लगने से वाहिद पुत्र यामीन निवासी ललियाना थाना किठौर जिला-मेरठ घायल हो गया। एसपी देहात ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मीरांपुर थाने में मुकदमे दर्ज है और उस पर 15 हजार रूपये का इनाम था। आरोपी के कब्जे से अवैध असलाह, बाइक, मोबाईल, पैन कार्ड बरामद किये। उन्होंने बताया कि आरोपी पर मेरठ, गौतमबुद्धनगर में हत्या, लूट व अन्य मामले दर्ज है।



मुजफ्फरनगर: प्रेस वार्ता में पत्रकारों को जानकारी देतीं पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप।

# महिला आरक्षण को लेकर उद्योग व्यापार संगठन का समर्थन

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से महिला आरक्षण और नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। संगठन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अपना पक्ष रखते हुए इसके विरोध पर आपत्ति जताई।

रुड़की रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में समान अवसर और प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी बढेगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। संगठन की ओर से जारी वक्तव्य में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। प्रेस वार्ता के दौरान कुछ राजनीतिक दलों द्वारा महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर अपनाए गए रुख पर भी संगठन ने असहमति जताई।

पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं के अधिकार और समान भागीदारी का विषय राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए। प्रेस वार्ता में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, सरदार बलविंदर सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म में उम्रकैद की सजा

## हत्या में आजीवन कारावास व अर्थदण्ड मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पोक्सो कोर्ट ने पीडिता के पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 53 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट में वादिया बयान से मुकर गई थी।

एडीजीसी विनय अरोरा व विक्रांत राठी ने बताया 15 दिसम्बर 2020 को बुढाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके मायके जाने पर उसकी नाबालिग बेटी से तीन दिन तक आरोपी साबिर ने दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद कोर्ट में विवेचक ने आरोप पत्र दाखिल किया। यह मामला पोक्सो कोर्ट प्रथम की न्यायाधीश मंजोलिया भटोलिया ने सुना। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आरोपी शाबिर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 53 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। एडीजीसी विनय अरोरा ने बताया कि कोर्ट में वादिया व पीडिता दोनों अपने बयानों से मुकर गयी थी। एफएसएल रिपोर्ट के मैच होने पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

वहीं दूसरी ओर हत्या के मामले में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जनपद मेरठ के फलावदा गांव गुढम निवासी सोहनवीर उर्फ सोनी गुज्जर पुत्र बलजीत के खिलाफ मृतक की पुत्री ने हत्या और शव जंगल में फेंकने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने धारा 302,201 की धारा में आरोप पत्र पेश किया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कोर्ट न.5 ने आरोपी सोहनवीर को उमकैद की सजा सुनाते हुए उस पर 60 हजार रूपये का जुर्माना किया है। यह फैसला सबूत व गवाहों के आधार पर सुनाया गया।

## भाजपा से जुड़े रहे नशीली दवाओं के दोनों कारोबारी

**मुजफ्फरनगर।** नशीली दवाओं में पकड़े गए खतौली के दोनों कारोबारी भाजपा से जुड़े रहे। अश्वनी भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी रह चुका है, जबकि दूसरा आरोपी विनोद बूथ अध्यक्ष है। बूथ अध्यक्ष की पत्नी वार्ड सभासद का चुनाव लड़ चुकी है। मुजफ्फरनगर की खालापार पुलिस द्वारा पकड़े गए नशे के सौदागरों में मास्टर मांइड अश्वनी शर्मा और विनोद कुमार खतौली के है। अश्वनी लंबे समय से दवाओं के कारोबार से जुड़े है। पुलिस शर्मा को नशीली दवाओं के कारोबार का मास्टर माइंड बता रही है। खतौली के दयालपुरम के विनोद कुमार तो भाजपा खतौली मंडल का उपाध्यक्ष रह चुका है और वर्तमान में बूथ अध्यक्ष है। इसकी पत्नी भी भाजपा के सिंबल पर वार्ड सभासद का चुनाव लड़ चुकी है।

# लेखपाल मुख्य परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

## 7008 अभ्यार्थियों में से 5649 अभ्यर्थी बैठे परीक्षा में, पहले ही दिन 1359 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**■ कॉलेज प्रशासन रहा सतर्क**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरुवार को लेखपाल मुख्य परीक्षा में कुल 7008 अभ्यार्थियों में से 5649 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी है। जबकि शेष 1359 अभ्यार्थी अनुपस्थित रहे।

गुरुवार की परीक्षा 15 केन्द्रों पर निष्पक्ष व पारदर्शी नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो तथा कॉलेज प्रशासन ने पूरी तरह सतर्कता बरती और परीक्षा से पहले चैकिंग भी की गई, लेकिन परीक्षा के बाद कुछ अभ्यार्थियों ने लेखपाल परीक्षा भर्ती को चर्चाओं में लाकर खडा कर दिया। कुछ अभ्यार्थियों का आरोप था कि परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल फोन का प्रयोग किया गया।

इस पर कुछ अभ्यार्थी नाराज दिखाई दिये, हालांकि पुलिस प्रशासन और कॉलेज प्रशासन इस मामले को नकार रहा है, जबकि अभ्यार्थी इस दौरान परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहे थे। इस दौरान अभ्यार्थियों ने निष्पक्ष जांच की मांग भी उठायी।

बता दे कि जनपद के मंडी क्षेत्र के दीपचन्द ग्रेन इंटर कॉलेज में गुरूवार को लेखपाल भर्ती परीक्षा हुई। जिसमें आज की परीक्षा जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह के निर्देशन में हुई। उन्होंने बताया कि लेखपाल मुख्य परीक्षा में 7008 अभयार्थियों को मुख्य परीक्षा देनी थी, लेकिन परीक्षा में 5649 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 1359 अभ्यार्थी अनुपस्थित रहे और परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन हुई।

इस दौरान कुछ अभ्यार्थियों ने एक सिपाही पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी जांच कराने की मांग भी की। अभ्यार्थियों ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रशासन से करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। अभ्यार्थियों का कहना था कि एक सिपाही परीक्षा के दौरान संदिग्ध दिखाई पड रहा था। उन्होंने सिपाही पर गंभीर आरोप जडे है।



मुजफ्फरनगर:परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर आते अभ्यर्थी।

# नीलगाय के हमले में ग्रामीण की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के गांव बसायच में उस समय अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई जब जंगल से निकलकर गांव में घुसी एक नीलगाय ने दरवाजे पर खड़े ग्रामीण को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बसायच निवासी हरिया पुत्र सुक्खा अपने मकान के बाहर दरवाजे पर खड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि उसी दौरान जंगल की ओर से एक नीलगाय अचानक तेज रफ्तार में दौड़ती हुई गांव में घुस आई।

ग्रामीण कुछ समझ पाते उससे पहले ही नीलगाय ने हरिया को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।घटना होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल हरिया को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भतह्न कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए मेरठ लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

ग्रामीण की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगलों से निकलकर नीलगाय और अन्य जंगली पशु अक्सर गांवों में पहुंच जाते हैं, जिससे आए दिन हाद. सों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से जंगली पशुओं पर रोक लगाने तथा गांवों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# मेधावियों को मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिए प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा एल जे पी सरस्वती विद्या मंदिर, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नरेंक्त कश्यप कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि तथा अनिल जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री सेवा भारती कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में रहे। कार्यक्रम में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर शामली क्षेत्र के 62 स्कूलों के बोर्ड परीक्षाओं के इस वर्ष के 372 छात्रों को हजारों शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित करने का कार्य किया गया। राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के मिशन शिक्षित उत्तर प्रदेश 2047 के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों में हर




विद्यालय के 6 टॉपर्स आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम संयोजक पायलट राकेश त्यागी,राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के आयोजन पश्चिम उत्तर प्रदेश में आगामी कुछ दिनों में पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र को कर करते हुए कई स्थानों पर पर आयोजित किए जाने हैं। पायलट राकेश त्यागी ने बताया कि शिक्षकों व शिक्षण संस्थानों को बड़ी सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए और उनकी महती भूमिका को ध्यान में रखते हुए समाज को उनके प्रति सहयोग का भाव रखना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंक्त कश्यप ने आह्वान किया कि बच्चों को अपने माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने व उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेने का संस्कार लगातार देते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट स्कूल में भी अब पब्लिक स्कूलों की तरह संसाधनों व अच्छे शिक्षकों की व्यवस्था है।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री सेवा भारती अनिल भाई साहब, एम एम एच इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य सतीश, ज्ञानचंद जी मैनेजर व अखिलेश जी लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर मुजफ्फरनगर, ज्योत्सना त्यागी प्रिन्सिपल मदर इंडिया पब्लिक स्कूल, अवनी त्यागी चेयरमैन कॉपरेटिव सोसायटी तथा कई अन्य संस्थाओं के प्रबंधक गण, प्रधानाचार्य व शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# नमामि गंगे विचार मंच की बैठक संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** नमामि गंगे गंगा विचार मंच जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की बैठक आज मुजफ्फरनगर मूलचंद रिजॉर्ट्स में आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता ललित माहेश्वरी कार्यक्रम संयोजक मती ममता अग्रवाल रहे संचालन श्रवण अग्रवाल जिला संयोजक ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक चंद्र प्रकाश चौहान विशिष्ठ अतिथि प्रदेश सहसंयोजक रवि कटारिया जी ने अपने-अपने विचार रखें उन्होंने जिला संयोजक श्रवण अग्रवाल से कहा कि मुजफ्फरनगर में शीघ्र ही सभी विधानसभाओं पर नमामि गंगे गंगा विचार मंच के विधानसभा संयोजक घोषित किए जाएंगे और इसी श्रेणी में आगे बढ़ते हुए उन्होंने नितिन तायल को जिला मीडिया संयोजक नियुक्त किया चौहान जी ने कहा कि सभी को मिलकर मां गंगा को स्वच्छ रखना चाहिए क्योंकि जिनको हम मां गंगा कहते हैं उसे स्वच्छ रखने का अधिकार भी हम सब का ही है प्रदेश सह संयोजक रवि कटारिया ने भी अपने विचारों में कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने का अधिकार प्रत्येक नागरिक का है इसके लिए हमें घर-घर जाकर जागरूकता जगाने की आवश्यकता है सभी अपने बच्चों को मां गंगा को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दे और उनसे बताएं कि किस तरह से राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की आत्मा शांति के लिए गंगा जी को पृथ्वी पर अवतरित किया था कार्यक्रम में मुख्य रूप से मती मंजू महेश्वरी डॉक्टर कमल गुप्ता एडवोकेट अमित गर्ग अजय मित्तल विवेक सिंघल मनोज अग्रवाल अभिषेक मित्तल रविश सिंघल, सीमा गुप्ता विकास बंसल आदि उपस्थित रहे। बैठक में ममता अग्रवाल ने सभी से आह्वान किया कि वह सभी समग्रह गंगे अभियान को सफल बनाए।

## नामित सभासद संजय धीमान से मिले पिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य जगदीश पांचाल

**पुरकाजी।** शासन द्वारा नगर पंचायत पुरकाजी में नामित सभासद संजय धीमान के निवास पर पहुंच कर पूर्व मंत्री जगदीश पांचाल ने दी बधाई जगदीश पांचाल राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य रहे हैं जिन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था।

गुरुवार को अपने साथियों के साथ देहरादून जा रहे थे इसी दौरान वह पुरकाजी में नगर पंचायत के नामित सभासद संजय धीमान के निवास पर पहुंचे तथा उन्हें सभासद बनने पर बधाई दी संजय धीमान ने भी उनका आभार प्रकट किया तथा भाजपा सरकार की प्रशंसा की के दौरान मनोज पांचाल विश्वकर्मा जिला महामंत्री भाजपा देशपाल पंचाल राहुल धीमान अखिलेश रो. हित धीमान मौजूद रहे सभासद संजय धीमान ने सभी का फूल मालाओं से स्वागत कर आभार प्रकट किया।

# मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक क्वाट्रो मशीन का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद मुजफ्फरनगर में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में राज्य स्तर से प्राप्त अत्याधुनिक क्वाट्रो ट्रूनेट मशीन का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहताश यादव एवं जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. लोकेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रोहताश यादव ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर एवं संक्रामक बीमारी के नियंत्रण में आधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्वाट्रो ट्रूनेट मशीन के माध्यम से अब कम समय में अधिक संख्या में संभावित टीबी मरीजों की जांच की जा सकेगी, जिससे रोग की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान समाज को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल है, जिसमें सभी विभागों एवं आमजन की सहभागिता आवश्यक है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि यह मशीन अत्याधुनिक तकनीक से युक्त है, जिसके माध्यम से टीबी की जांच अत्यंत सटीक एवं त्वरित रूप से की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक संभावित टीबी रोगियों की नि:शुल्क जांच की जाएगी, ताकि कोई भी मरीज जांच एवं उपचार से वंचित न रह जाए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसी समस्या हो तो वह तत्काल सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच अवश्य कराएं।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य अधिका. रियों ने बताया कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना है तथा इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर व्यापक अभियान संचालित किए जा रहे हैं। नई क्वाट्रो ट्रूनेट मशीन भविष्य में भी जनपद में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक मजबूत करेगी तथा बड़ी संख्या में संभावित मरीजों की जांच करने में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ गीतांजलि वर्मा,जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सहबान,डी.ई.ओ. संजीव शर्मा के साथ मेडिकल कॉलेज एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन, स्वास्थ्य कमह्न एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने एवं आमजन को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# अब्दुल्ला सिद्दीकी को मिला अचीवर्स अवॉर्ड



**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन और शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की ओर से एलजेपी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अब्दुल्ला सिद्दीकी को कक्षा में अव्वल अंक लाने पर प्रेरणा अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# श्री राम कॉलेज की एमएड. परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज (स्वायत्तशासी) द्वारा एमएड द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें महाविद्यालय के एमएड सत्र 2025-26 द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने परीक्षाफल में उत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एम0एड0 सत्र 2025-26 के द्वितीय सेमेस्टर में आस्था ने 88.86 प्रतिशत अंको प्राप्त कर प्रथम स्थान, दीपक गर्ग और वर्णिका दयाल ने संयुक्त रूप से 86.59 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, तथा कनिका अरोरा ने 85.45 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

एमएड द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एव अध्यापकगणों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। उन्होनें बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकगणों ने बहुत सहयोग दिया है, तथा



उनकी अपने-अपने विषय पर पकड़ बहुत अच्छी है।

# भाकियू (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर आज भारी उत्साह देखने को मिला। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ अपने नेता चौधरी संजीव तोमर का जन्मदिन मनाया।मीडिया से बातचीत के दौरान चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि गांव-गांव तक पहुंच संगठन का विस्तार हर गांव, कस्बे और जनपद तक किया जाए किसानों के हक की लड़ाई के लिए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना अनिवार्य है। चौधरी संजीव तोमर ने देश के कृषि प्रधानश होने के बावजूद किसानों की अनदेखी पर चिंता जताई। उन्होंने जय जवान-जय किसान के नारे का उल्लेख करते हुए



सरकार से निम्नलिखित मांगें की हैं वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक किसान को 10,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाए किसानों के लिए निशुल्क मेडिकल (चिकित्सा) सुविधा उपलब्ध हो। किसान के बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाए जिस प्रकार जवान देश की रक्षा करता है, उसी प्रकार किसान देश का पेट पालता है अत: दोनों को मिलने वाली सुविधाओं में भेदभाव खत्म हो। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रभारी राजबीर सिंह पवन त्यागी (राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि) महबूब बालियान (कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष) रिहान तोमर (पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष) अंकित गुर्जर (युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष) निखिल चौधरी (जिला अध्यक्ष) हीरा बालियान, अमित धीमान, दीपक तोमर,आकिल राणा अब्बास मुनसिफ अली आशीष शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

**Name Change Public Notice**

SARVARI W/O SANAVVAR R/O Villege Jogiya Khera, Police Station Fugana, Tehsil budhana, district Muzaffarnagar, up. have changed my name to SHAKIRA for all purpose.

Applicant: Shakira w/o Sanavvar, Village Jogia Khera, Tehsil Budhana, District Muzaffarnagar, UP.

**सूचना**

मैं, जिले सिंह पुत्र श्री झंडु सिंह, निवासी ग्राम-गंगधाड़ी, खतौली (मुजफ्फरनगर), घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र विकास कुमार उर्फ विक्की, उसकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी व उसके दो पुत्र लक्की व अक्की मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। इनके दुर्व्यवहार व गलत आदतों के कारण मैं इन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य या लेन-देन के लिए मैं व मेरी संपत्ति जिम्मेदार नहीं होगी।

**जिले सिंह पुत्र झंडू
निवासी ग्राम-गंगधाड़ी
(खतौली, मुजफ्फरनगर)**

# एसडी इंजीनियरिंग में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में संस्थान के IQAC & IIC Cell के तत्वावधान में ÞThe Power of Technology & Startup Awarenessß विषय पर एक विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सनातन धर्म कॉलेज, मुजफ्फरनगर के साथ हुए MoU के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सनातन धर्म कॉलेज से मिस शालिनी कुशवाहा (सहायक प्राध्यापक, भौतिक विज्ञान विभाग), सौरभ गोयल (सहायक प्राध्यापक, रसायन विज्ञान विभाग) एवं भूपेश जांगिर (सहायक प्राध्यापक, रसायन विज्ञान विभाग) ने विद्यार्थियों को आधु. निक तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति एवं तकनीकी विकास के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों के उपयोग, रिसर्च, इना. वेशन एवं स्टार्टअप के अवसरों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा स्टार्टअप, उद्यमिता एवं आधुनिक तकनीकी नवाचारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी एवं स्टार्टअप आधारित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संस्थान के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय तकनीक एवं नवाचार का युग है तथा विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जुड़कर अपने कौशल का विकास करना चाहिए। निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एस.के. शर्मा ने कहा कि उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के मध्य सहयोग विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा प्रदान करता है अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर नवाच. ार, तकनीकी शिक्षा एवं स्टार्टअप गतिविधियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया।



# 23 मई को राजा भगीरथ जयंती पर निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**मुजफ्फरनगर।** 23 मई को राजा भगीरथ जी की जयंती के शुभ अवसर पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा के संबंध में एक आवश्यक बैठक संयुक्त हिंदू महासंघ कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में शोभायात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी ने कहा कि 23 मई को निकलने वाली महाराजा भागीरथ शोभायात्रा सामाजिक समरसता का संदेश देगी और इसमें सर्व समाज के प्रतिनिधियों के साथ-साथ हिंदू व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे/ शिवसेना प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा व संयुक्त हिंदू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश जाटव ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति के न होकर कर सर्वसमाज के होते हैं इसलिए सभी महापुरुषों की जयंती पर सनातन धर्म की सभी जातियों के प्रति. निधियों को जोर-जोर से हिस्सा लेना चाहिए। शिवसेना जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी ने कहा कि राजा भागीरथ ही महादेव से प्रार्थना कर मां गंगा को धरती पर लाए थे और मां गंगा बिना भेदभाव बिना छुआछूत के सभी श्रद्धालुओं का कल्याण कर रही है इसलिए कहा जाता है कि निर्मल गंगा हर घर गंगा। इस दौरान मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी संयुक्त हिंदू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश जाटव शिवसेना प्रदेश महासचिव डॉक्टर योगेंद्र शर्मा शिवसेना जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सैनी युवा जिला सचिव विजय तोमर नगर अध्यक्ष विद्यार्थी सेना आकाश सैनी, कुलदीप सैनी अजय सैनी गोपी वर्मा रविंद्र शर्मा प्रदीप कोरी आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र वाजिद मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदारी होगा।

**समसुदीन पुत्र अमरू,
निवासी- ग्राम पुरबालियान,
थाना मन्सूरपुर, तहसील
खतौली, जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ.शिराज व उसकी पत्नी आशी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन लडाई झगडा करते रहते है। ये दोनों मेरे व मेरे परिवार से अलग रहते है। इन दोनों की गलत हरकतो के कारण मैने अपने पुत्र मौ.शिराज व उसकी पत्नी आशी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मैने व मेरे परिवार वालों ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, वाद विवाद के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य, लेन-देन व वाद विवाद के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**धनपत खान पुत्र मरहूम बशीर
अहमद निवासी म.न-1325/1,
उत्तरी लद्दावाला थाना कोतवाली
जिला मुजफ्फरनगर**

## देश की सुख-समृद्धि के लिए भीषण गर्मी में अग्नि के बीच हवन-पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** क्षेत्र के ग्राम टिकोला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में इन दिनों एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान चर्चा का विषय बना हुआ है। मंदिर के पुजारी महंत सुंदर गिरी महाराज देश में सुख, समृद्धि और शांति की कामना के लिए 45 दिनो की कठोर तपस्या कर रहे हैं।

महंत सुंदर गिरी महाराज 2 मई से 45 दिनों का उपवास रखकर प्रतिदिन दोपहर लगभग 11:00 बजे से 3:00 बजे तक भीषण गर्मी में विशेष हवन-पूजन कर रहे हैं। इस दौरान वे केवल लंगोट धारण कर चारों ओर उपले (कंडे) जलाकर अग्नि के बीच बैठकर पूजा-अर्चना करते हैं, जो उनकी कठिन साधना और आस्था को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि यह अनुष्ठान देश की खुशहाली, समृद्धि और शांति के लिए किया जा रहा है। उनकी इस तपस्या को देखने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। महंत द्वारा बताया गया कि 13 जून की रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद 14 जून को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम टिकोला सहित आसपास के गांवों के धर्मप्रेमी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

# सफेद हाथी बनी मेहलकी गांव मे बनी पानी की टंकी

**जानसठ।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही 'हर घर जल योजना' तहसील क्षेत्र के गांव महेलकी में दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकी वर्षों बाद भी संचालित नहीं हो सकी है। हालात यह हैं कि गांव में बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से टूटी पड़ी है और आज तक किसी भी घर में योजना के तहत पानी नहीं पहुंच पाया।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में बड़े स्तर पर जलापूर्ति योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। योजना शुरू होने के समय लोगों को उम्मीद थी कि गांव में पेयजल संकट खत्म होगा और घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचेगा, लेकिन निर्माण के बाद पूरी व्यवस्था लापरवाही की भेंट चढ़ गई। गांव की गलियों में डाली गई पाइपलाइन कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके चलते पूरी योजना बंद पड़ी हुई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मामले की शिकायत कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन खर्च होने के बावजूद जनता को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। भीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। गांव महेलकी में पूरी तरह घुटने टेकती नजर आ रही है यह योजना।

## गांव तिसंग में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**जानसठ।** आगामी ईद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर थाना क्षेत्र के गांव तिसंग में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों, गणमान्य लोगों और धर्मगुरुओं से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह एवं उपनिरीक्षक दीपक शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। इंस्पेक्टर ने उपस्थित लोगों से कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा असामा. जिक तत्व दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान गांव के सम्मानित नागरिक, समाजसेवी तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

एस.डी. गर्ल्स डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर को स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न असिस्टेंट प्रोफेसर की

एम.ए.( राजनीतिक विज्ञान )
एम.एस.सी ( वनस्पति विज्ञान )
एम.एस.सी. ( जंतु विज्ञान )
प्रत्येक 02 पद।

योग्यता व वेतन- यू.जी-सी. व विश्व० के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रतियों के साथ 07 कार्यदिवसों में आवेदन करें।

डा. दिनेश चंद्र शर्मा ( प्राचार्य ),
एस.डी. गर्ल्स डिग्री कॉलेज
बुढ़ाना मुजफ्फरनगर।
7505101020 ,8445146120
Sachinkaushik255@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा सबसे बडा पुत्र मौ.इकराम गलत संगत में पड गया है। मौ. इकराम मेरी व मेरे परिवार की इच्छा के विरूद्ध कही चला गया है तब से आज तक मौ. इकराम किसी अज्ञात स्थान पर रह रहा है। इसलिए मै व मेरा परिवार मौ. इकराम से कोई सम्बन्ध किसी भी प्रकार का रखना नही चाहते है तथा मैंने मौ. इकराम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद या आज से पहले से किसी भी व्यक्ति के साथ मौ. इकराम का कोई लेन-देन, वाद विवाद या मौ. इकराम कोई भी कृत्य करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मौ. इकराम की होगी। मेरी व मेरे परिवार की नही होगी।

**मौ. इरफान पुत्र गफ्फार अहमद
निवासी-म.न. 890, रामलीला
टिल्ला-2 थाना कोतवाली नगर
जिला मुजफ्फरनगर**

# भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था ध्वस्त

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भीषण गर्मी के बीच खतौली तहसील क्षेत्र की बिजली व्यवस्था लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। नगर और ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और बार-बार आने वाले फॉल्ट से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार रात लंबे समय तक बिजली गुल रहने के कारण लोगों को उमस भरी रात हाथ के पंखों के सहारे बितानी पड़ी। सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ी।

सरकार जहां शहरों में 24 घंटे और गांवों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे कर रही है, वहीं खतौली क्षेत्र में हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई गांवों में मुश्किल से 7-8 घंटे ही बिजली मिल रही है, जबकि नगर क्षेत्र में भी बार-बार ट्रिपिंग और कटौती से लोग परेशान हैं।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जर्जर बिजली लाइनें और खराब केबल व्यवस्था लगातार फॉल्ट का कारण बन रही हैं। कुछ माह पहले डाली गई केबल लाइनें भी बार-बार खराब हो रही हैं, जिससे सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई है। लो-वोल्टेज की वजह से कूलर, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण भी सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे। बुधवार रात घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली। नागरिकों का कहना है कि शिकायत करने पर अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, जबकि आम लोग गर्मी में रातभर परेशान रहते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट का असर खेती पर भी साफ दिखाई दे रहा है। किसानों के अनुसार सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। रात में टुकड़ों में सप्लाई दी जा रही है, जबकि दिन में घोषित कटौती के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। इससे फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच रही हैं। कई गांवों में पेयजल संकट भी गहराने लगा है। व्यापारियों ने भी बिजली कटौती को कारोबार के लिए नुकसानदायक बताया है। उनका कहना है कि लगातार बाधित हो रही बिजली और लो-वोल्टेज के कारण दुकानों और छोटे उद्योगों का काम प्रभावित हो रहा है।

वहीं विद्युत विभाग का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली की मांग अचानक बढ़ने से लोड अधिक हो गया है, जिसके चलते तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग समय रहते फॉल्ट ठीक करने और व्यवस्था सुधारने में गंभीरता नहीं दिखा रहा।

# निर्माण स्थल पर बवाल, मजदूरों में पथराव और मारपीट, कई घायल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली के बुढाना तिराहे के पास गुरुवार को एक निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी के भुगतान को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मजदूरों और ठेकेदार पक्ष के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और ईंट-पत्थरबाजी तक पहुंच गई, जिसमें आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

बताया गया कि बुढाना तिराहे के समीप बबलू पुत्र नरेश के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था, जहां ठेकेदार के माध्यम से कई मजदूर काम कर रहे थे। गुरुवार को काम के दौरान मजदूर फुरकान उर्फ गूंगा ने ठेकेदार से मजदूरी का भुगतान मांगा। इस पर ठेकेदार ने काम समाप्त होने के बाद पैसे देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि मजदूर आपस में भिड़ गए और जमकर लात-घूंसे चलने लगे। आरोप है कि इस दौरान दोनों ओर से ईंट-पत्थर भी फेंके गए। झगड़े में कादिर, रिजवान, इंतजार, फुरकान सहित कई मजदूर घायल हो गए। घटना से निर्माण स्थल पर भगदड़ जैसे हालात बन गए और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।वघटना के बाद घायल मजदूर खुद कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने उनसे जानकारी लेने के बाद उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कें्क्त भेजा। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुछ मजदूरों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट की घटना के बाद गुज्जर कॉलोनी क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## शिक्षार्थ स्कूल जाएंगे-सेवार्थ शिक्षा पाएंगे:ब्रह्मकुमारी

**मुजफ्फरनगर।** रेशू विहार में कक्षा 11 तक के बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग वितरित किए गये। 64 जरूरतमंद बच्चों को ब्रह्मकुमारी बहन जयंती ने बैग, पुस्तक , पानी की बोतल, कॉपियां, पेन, पेंसिल आदि से भरा हुआ बैग प्रत्येक बच्चे को दिया। ब्रह्मकुमारी से आई दूसरी बहन विधि ने बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया। शिक्षार्थ स्कूल जायेगें- सेवार्थ शिक्षा पाएगें की विचार धारा का उद्घोष करते हुए सत्यप्रकाश रेशू ने बच्चों को खेलते हुए शिक्षा की बातें समझाई। सभी 64 बच्चों में से केवल 12 बच्चे ही अपना स्कूल बैग स्वमं ले पाए। शेष के अभिभावकों को स्कूल बैग मय कॉपी, किताब, पानी की बोतल की साथ वितरित कर दिए गये। ब्रह्मकुमारी बहनों ने बच्चों को खाने के लिए फल और पीने के लिए पानी भी दिया। जिससे बच्चों में एक नई ऊर्जा दिखाई दी। छोटे - छोटे बच्चे अपने स्कूल बैग स्वमं ले चले तो सभी के मन को अच्छा लगा। उत्सुकता पूर्ण स्कूल बैग लेने आए बच्चों में मिशिका, नव्या, सिया, वेदांश, रिया चंदेल, वियोम, अक्षय, वैशाली, राघव, सिद्धार्थ, कर्ण, आकाश आदि बहुत खुश हुए। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्कूल बैग बांटने हेतू साधना गर्ग, शैला गर्ग, प्रियंका गर्ग, वर्षिका गर्ग, रेखा, पूनम, जितेन्द्र, अतुल आदि बहन जयंती एवं विधि की साथ रहे। बच्चों को का उच्चारण सिखाया गया। छोटे - छोटे प्यारे बच्चे अपने स्कूल बैग लेकर सभी का मन मोह रहें थे। यह पूरा कार्यक्रम रेशू एडवर्टाइजिंग द्वारा अपने माता- पिता व गुरुओं की प्रेरणा से रेशू प्रांगण में आयोजित किया गया।

## समर कैम्प सफलता पूर्वक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** अमृत इंटर कॉलेज, रोहाना मिल्स, मुजफ्फरनगर में समर कैंप के अन्तर्गत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगितायें एवं अंताक्षरी प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं द्वारा की गयी स नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में समिति के अन्य सदस्य विनोद कुमार वर्मा, गया प्रसाद प्रजापति, लल्लन सिंह, राम सजीवन, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, संजीव कुमार, हरकेश सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता, मती राजकुमारी सिंह, मती शशि प्रभा, कुमारी दिशा आदि का विशेष सहयोग रहा स समर कैंप के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने महान क्रांतिकारियो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला ।

## संक्षिप्त समाचार

### करौदा महाजन टोल पर अवैध वसूली का खेल

**फुगाना।** दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे-58 पर स्थित गांव करौदा महाजन टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां दोपहिया वाहन चालकों को रोककर 20 हजार रुपये के चालान का डर दिखाया जा रहा है और फिर जान बचाने के नाम पर 100-200 रुपये फोन- पे से वसूले जा रहे हैं। पीड़ित युवक के अनुसार टोल पर तैनात कर्मचारियों ने उसे रोका और कहा कि आपका 20 हजार रुपये का चालान होगा। कोर्ट के चक्कर काटने पड़ेंगे। अगर बचना है तो पैसे दे दो। डर के मारे युवक ने कथित तौर पर टोल मैनेजर सुमित कुमार के निजी फोन- पे नंबर पर पैसे ट्रांसफर कर दिए। एनएचएआई के नियमों के मुताबिक दोपहिया वाहनों से किसी भी तरह का टोल टैक्स नहीं लिया जाता है और साथ ही टोल कर्मचारियों को चालान काटने का कोई भी अधिकार नहीं है। निजी खाते में पैसे लेना पूरी तरह अवैध है। पीड़ित ने मामले की शिकायत फुगाना थाने में प्रार्थना पत्र देकर की है। उसने फोन- पे ट्रांजैक्शन का स्क्रीन शॉट भी पुलिस को सौंपा है। लोगों का आरोप है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा है और कई बाइक सवार इसका शिकार हो चुके हैं। फुगाना पुलिस ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी मिलने पर जबरन वसूली की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होगी। उधर एनएचएआई ने यात्रियों से अपील की है कि टोल पर अवैध वसूली की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1033 पर दर्ज करवाएं।

### कार-ई रिक्शा की भिड़ंत में एक चालक घायल

**बुढ़ाना।** बड़ौत मार्ग पर बायवाला चौकी के पास बीते दिन एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और एक ई रिक्शा की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ई रिक्शा चालक घायल हो गया जबकि स्विफ्ट कार चालक मौके से अपनी कार छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्विफ्ट कार काफी तेज गति में थी। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की बायवाला पुलिस चौकी के निकट सामने से आ रहे एक ई रिक्शा से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई रिक्शा और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक को चोटें आई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल चालक को संभाला और बुढाना पुलिस को इस घटना की सूचना दी। बुढ़ाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की लेकिन कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों के बीच में आपसी समझौता हो गया। ई रिक्शा चालक ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया।

### 6 वर्ष पूर्व पुत्री ने लगाया था पिता पर रेप का आरोप

**बुढ़ाना।** क्षेत्र में रिश्तों को तार तार करने वाले मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सख्त सजा सुनाई है। अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोपी पिता को साक्ष्य और सबूतों के आधार पर आजीवन कठोर कारावास की सजा दी गई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट- 2 मंजुला भालोटीया ने आरोपी साबिर पुत्र चुन्नू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 53 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। कोर्ट ने आदेश दिया कि जुर्माने की राशि पीड़िता को पुनर्वास के लिए दी जाए। बीते साल 2020 में पीड़िता ने अपने पिता के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट समेत संगीन धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार अरोड़ा व विक्रांत राठी ने कोर्ट में प्रभावी पैरवी की। उन्होंने मेडिकल रिपोर्ट, पीड़िता के बयान और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का अपराध साबित किया। करीब 6 साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने बृहस्पतिवार के दिन यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसे अपराध समाज के लिए कलंक हैं। बेटी के ब्विास का कत्ल करने वाले को कठोरतम सजा मिलना जरूरी है।

### समर कैंप में दूसरे दिन भी रही खेलों की धूम

**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानन्द विद्यालय में चल रहे समर कैंप के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को विभिन्न तरह के इनडोर खेलों का सफल आयोजन किया गया। जिसमें काफी नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी अपनी कक्षाओं की अध्यापिकाओं के साथ मिलकर खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और खूब मस्ती की। इस समर कैंप के दौरान सभी कक्षाओं की सभी अध्यापिकाओं ने अपनी अपनी कक्षा के सभी विद्यार्थियों को कैरमबोर्ड, लूडो, चेस और ब्लॉक गेम्स समेत कई तरह के इनडोर गेम खिलाए। खेल खेल में बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास कराने पर जोर दिया गया। गेम खेलने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। स्कूल संचा. लिका मती उमेश सहरावत ने बतलाया कि इस समय कैंप में पढ़ाई के साथ-साथ खेल, डांस और आर्ट एंड क्राफ्ट की एक्टिविटी भी कराई जा रही है। इस समर कैंप में स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सहायक अध्यापक सोनू कुमार, शिक्षिका अनिता और शिक्षिका सीमा सहित समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

### मार्केटों में शौचालय न होने से व्यापारी ग्राहक हैं परेशान

**बुढ़ाना।** कस्बे में मार्केटों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से दुक. ानदार और ग्राहक दोनों परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय की है। इसको लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की नगर इकाई ने प्राधिकरण से जनहित में समाधान की मांग की है। कस्बे में कई मार्केट हैं लेकिन इन मार्केटों में शौचालय और पेशाबघर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके चलते महिला पुरुष ग्राहकों के साथ साथ दुकानदारों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मजबूरी में लोगों को खुले में जाना पड़ता है जिससे स्वच्छता अभियान को भी धक्का लग रहा है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड नगर इकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि मार्केटों में पहले से ही शौचालय की अनिवार्यता को नजरअंदाज किया गया है। यह नियमों के खिलाफ भी है। ग्राहक सुविधा न होने से बाजार आने से कतराते हैं जिसका सीधा नुकसान व्यापारियों को हो रहा है। प्राधिकरण विभाग से मांग की है कि जनहित में इस ओर तत्काल गौर किया जाए। सभी मार्केटों में महिला पुरुष के लिए अलग अलग शौचालय बनाना अनिवार्य किया जाए। दूसरी और नगर पंचायत के अनुसार बुढ़ाना में लगभग आधा दर्जन शौचालय हैं। जिनका उपयोग होता रहता है।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश में स्थापित होगा गन्ना विश्वविद्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू अराजनैतिक के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गन्ना उत्पादन में लगातार आ रही गिरावट को लेकर गन्ना संस्थान, डालीबाग लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गन्ना एवं चीनी विकास वीणा कुमारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना उत्पादन बढ़ाने, मिटी के स्वास्थ्य सुधार, कीट प्रबंधन और उन्नतशील बीजों को लेकर गहन चर्चा कर समाधान के रास्ते खोजने का प्रयास किया गया । धर्मेंद्र मलिक



ने निम्न सुझाव देते दिए। प्रदेश स्तर पर गन्ने के लिए वैज्ञानिक, क्षेत्र-विशेष कीट एवं रोग प्रबंधन नीति लागू की जाए। गन्ने की गिरती उत्पादकता के तथ्यों की जांच हेतु प्रमुख सचिव गन्ना विभाग की अध्यक्षता में कृषि विभाग,गन्ना शोध संस्थान शाहज. हांपुर, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि ब्विविद्यालय मेरठ, गन्ना उत्कृष्टता केंद्र बागपत की साम. ुहिक समिति का गठन किया जाय। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कीटों पर आधारित शोध कर किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन का प्रशिक्षण एवं सलाह दी जाये। बैठक में गन्ना प्रजाति कोलक-20016 एवं कोलक-21012 को उत्तर प्रदेश में रिलीज किए जाने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रदेश में एक गन्ना ब्विविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। गन्ने में फैल रही टॉप बोरर जैसी बीमा. रियों पर अनुसंधान के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी ब्विविद्यालय, मेरठ ,गन्ना उत्कृष्टता केंद्र तथा गन्ना शोध केंद्र शाहजहांपुर को पत्र भेजकर रिसर्च कराने के निर्देश दिए गए।

# दूसरे दिन भी जारी रही सपा की सिख सामाजिक न्याय यात्रा

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में चल रही सिख समाज सामाजिक न्याय यात्रा एवं च्क्ष। पंचायत दूसरे दिन भी कई स्थानों पर आयोजित की गई।

पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मारकपुर में सरदार बलविंदर द्वारा आयोजित सामाजिक न्याय यात्रा की अध्यक्षता सपा नेता सरदार गुलजार सिंह व संचालन सपा विधानसभा अध्यक्ष पुरकाजी संजीव आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज का उत्पीड़न व अधिकारों का हनन लगातार जारी है। संविधान व आरक्षण को कुचलकर पीडीए समाज को लुटा जा रहा है,पीडीए के अधिकारों व सम्मान की लड़ाई सिख समाज की भी साझा लड़ाई है जिसको समाजवादी पार्टी ही आगे बढ़कर लड़ रही है। उन्होंने सिख समाज से भी समाजवादी पार्टी के खुले समर्थन का आह्वान किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर, समाजवादी पार्टी नेत्री डॉ मोनिका सिंह, समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार सिमरथी,कारी मुकीम कासमी,राजेंद्र कुमार पांचली, अनस बसेड़ा सहित सिख समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# लापरवाही के चलते स्नान मेले के पूर्व घाट को किया संकुचित

**मोरना।** आगामी ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले के पूर्व बड़ी लाप. रवाही सामने आई है।स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी की परवाह ने करते हुए निर्माण कार्य को शुरू करते हुए गहरा गड्डा बना दिया गया है। गड्डे को टिन की चादर से ढका गया है।जिससे गंगा घाट पर स्थान संकुचित हो गया है। शुकतीर्थ में प्रतिवर्ष जिला पंचायत की ओर से आयोजित किये जाने वाले ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले को लेकर तैयारियां अभी अधूरीदिखाई पड़ी हैं। गंगा घाट पर जगह-जगह सिल्ट जमा है। स्नान घाटों की सीढ़ियों पर मिटी जमी हुई है।वहीं गंगा घाट पर बड़ी लापरवाही सामने आई है।स्नान मेले से चार दिन पूर्व घाट पर निर्माण कार्य को लेकर घाट पर बड़ी मशीन द्वारा गहरा गड्डा बना दिया गया।व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा रोष प्रकट करने पर गड्डो के चारों ओर टिन की चादर लगाकर गड्डे को कवर किया गया है। जिससे अब महिला घाट संकुचित हो गया है।जगह कम होने से महिला श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी होगी तथा मेले की सुंदरता भव्यता पर भी विपरीत असर पड़ेगा।घाट पर उपस्थित लश्रद्धालुओं ने इस लापरवाही पर रोष प्रकट करते हुए बताया कि गंगा घाट पर निर्माण कार्य बहुत धीमा है।

# भागवत कथा में भक्ति रस की बही धारा, कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा परिसर में आयोजित मद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं में सराबोर नजर आए। कथा व्यास नमन कृष्ण महाराज ने भगवान की भक्ति, भक्तों की रक्षा और अवतारों की महिमा का मार्मिक वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान अजामिल भक्त, गजेंक्त मोक्ष, भगवान नरसिंह अवतार, भगवान राम अवतार और भगवान कृष्ण जन्म के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान अपने सच्चे भक्तों का



कभी साथ नहीं छोड़ते और संकट की घड़ी में उनकी रक्षा अवश्य करते हैं।

रामायण प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि वनगमन के समय भगवान राम का सबसे आगे चलना, माता सीता का मध्य में तथा लक्ष्मण का पीछे चलना जीवन का गहरा आध्यात्मिक संद. ेश देता है। उन्होंने कहा कि माता सीता भक्ति का प्रतीक हैं, लक्ष्मण भक्त स्वरूप हैं और भगवान राम आगे चलकर भक्तों के मार्ग की बाधाओं को दूर करने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम समय में 'नारायण नाम का उच्चारण करने मात्र से अजामिल को मोक्ष की प्राप्ति हुई, जो भगवान के नाम की महिमा को दर्शाता है। कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान ठाकुरद्वारा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य आयोजकों में डॉ. दिनेश चंक्त, डॉ. जय द्विवेदी, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. शिवम शर्मा, डॉ. एन.के. त्यागी, रजनीश, बबलू, बिल्लू, प्रवीण प्रधान, पूनम तायल और कुलदीप त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गंगा घाट की बदहाली पर विश्व हिंदू महासंघ का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली गंगा घाट पर बढ़ती गंदगी, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को लेकर विश्व हिंदू महासंघ ने कड़ा रोष जताया है। गुरुवार को संगठन के जिला सचिव चन्द्रपाल राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम खतौली को ज्ञापन सौंपते हुए घाट की व्यवस्था सुधारने की मांग की।

संगठन का कहना है कि गंगा घाट क्षेत्र श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख कें्क्त है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग गंगा आरती और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद घाट परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और कुछ शरारती तत्व रेलिंग, लाइट, सीढ़ियां, बेंच और दानपात्र जैसी सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि शौचालय की व्यवस्था होने के बावजूद खुले में शौच किए जाने से घाट परिसर में दुर्गंध फैली रहती है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। संगठन ने घाट पर नियमित सफाई, पुलिस गश्त बढ़ाने और सरकारी




संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

महासंघ ने कहा कि यदि पांच दिन के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन के कार्यकर्ता स्वयं गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाएंगे ज्ञापन सौंपने वालों में चन्द्रपाल राजपूत, पुनीत अरोड़ा, नवीन त्यागी, विशाल बहरौनिया, अभिनव भुइयार और विक्की सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेंट ज़ेवियर्स ग्लोबल स्कूल में पूल पार्टी का बच्चों ने लिया आनन्द

**मोरना।** मोरना में भोपा मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल किड्स जेन मोना ब्रांचमें पूल पार्टी का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे पूल खिलौनों, पानी के खेलों तथा मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। बच्चे पानी में मस्ती करते हुए बेहद प्रसन्न दिखाई दिए। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, गुब्बारों तथा समर थीम से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा बच्चों के लिए स्वच्छ पानी, अतिरिक्त कपड़ों की व्यवस्था तथा शिक्षकों की निगरानी सुनिश्चित की गई। शिक्षिकाओं ने गतिविधियों में भाग लेने हेतु मार्गदर्शन भी दिया।

# शिव-पार्वती विवाह की कथा, झांकियों व भजनों से गूंजा पंडाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना/मुजफ्फरनगर।** धर्म नगरी शुकतीर्थ एकादश रुक्त शिव मंदिर चल रही शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा पंडाल भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने तीसरे दिन सती चरित्र, दक्ष यज्ञ विध्वंस, पार्वती जन्म, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए धन-दौलत नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा और निर्मल मन चाहिए। शिव नाम का स्मरण मात्र से ही बड़े-बड़े कष्ट दूर हो जाते हैं। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। शिव बरात की झांकी में नंदी, भूत-प्रेत, देवता आदि के स्वरूप देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

# फूड माइक्रोबायोलॉजी में छात्राओं के लिए खुल रहे रोजगार के नए द्वार



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कुंद-कुंद जैन पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को 'फूड माइक्रोबायोलॉजी में करियर की संभावनाएं' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, मुख्य अतिथि डॉ. सी.बी. पटेल, विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पुंडीर सिंह व शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता डॉ. सी.बी. पटेल ने कहा कि आधुनिक दौर में पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड के बढ़ते उपयोग के कारण खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता का महत्व तेजी से बढ़ा है। ऐसे में फूड माइक्रोबायोलॉजी युवाओं, विशेषकर होम साइंस की छात्राओं के लिए एक उभरता हुआ करियर क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि होम साइंस केवल पारंपरिक गति. विधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी व्यापक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने छात्राओं को फूड सेफ्टी ऑफिसर, क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट, फूड माइक्रोबायोलॉजिस्ट, रिसर्चर, हेल्थ एंड हाइजीन कंसलटेंट तथा फूड इंडस्ट्री में उद्यमिता जैसे विकल्पों की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पुंडीर सिंह ने बताया कि होम साइंस की छात्राओं के पास न्यूट्रिशन और फूड साइंस की मजबूत आधारभूत जानकारी होती है। यदि वे माइक्रोबायोलॉजी की तकनीकी समझ विकसित करें तो खाद्य उद्योग में उनकी मांग और बढ़ सकती है। प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सपा नेता सरदार देवेंद्र सिंह की सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश से हुई महत्वपूर्ण वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजवादी अल्पसंख्यक सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह खालसा ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करते हुए विधानसभा चुनाव में सिख समाज को समा. जवादी पार्टी से पूर्ण रूप से जोड़ने पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

वरिष्ठ सपा नेता सरदार देवेंद्र सिंह खालसा ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात व चर्चा को बेहद खास बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार से आज सभी जाति वर्ग निराश है। खासतौर पर अल्पसंख्यक समाज में भाजपा सरकार कोई योजना व अधिकार देने में पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि पीडीए के रूप में सिख समाज भी समा. जवादी पार्टी के साथ आकर 2027 में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।सरदार देवेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि सिख समाज की सामाजिक न्याय यात्रा आरक्षण व संविधान को बचाने तथा पीडीए की भागीदारी व सम्मान को लागू करने के लिए चलाई जाकर समाजवादी पार्टी से जुड़ने की जागरूकता लाने को सक्रिय है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्यार, दबाव और धमकी का अंजाम



☐ युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में एक युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम दखौड़ी जमालपुर निवासी गौरव कुमार और उसके साथी सूरज पर आरोप है कि दोनों ने एक युवती को लंबे समय तक मानसिक दबाव में रखा, गाली-गलौच की और लगातार धमकियां दीं। बताया गया कि इस प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने 15 मई 2026 को आत्महत्या का प्रयास किया, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर थाना थानाभवन में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह रावतने बताया कि पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए जेल भेज दिया है, जबकि दूसरे आरोपी सूरज की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह और कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे।

# सीनियर सिटीजन के किराए की छूट को भेजा ज्ञापन

**शामली।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने केंद्रीय रेल मंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर सीनियर सिटीजन को रेल किराये में 50 प्रतिशत छूट बहाल करने तथा शामली होते हुए प्रयागराज, माता वैष्णो देवी और अयोध्या के लिए नई एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि पूर्व में 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष एवं महिला यात्रियों को रेल किराये में मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट दोबारा लागू की जानी चाहिए, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिल सके।

वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट बहाल करने की मांगपश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने केंद्रीय रेल मंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत छूट दोबारा लागू करने तथा शामली से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि पूर्व में 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष एवं महिला यात्रियों को रेल किराये में मिलने वाली छूट को बहाल किया जाना चाहिए, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिल सके। इसके अलावा शामली क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज, माता वैष्णो देवी और अयोध्या के लिए सीधी एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अधिकांश ट्रेनें शामली पहुंचते-पहुंचते लेट हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही सुबह शामली से सहारनपुर होते हुए देहरादून तक नई रेल सेवा शुरू करने की भी मांग उठाई गई है।

# कांग्रेस ने स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस कमैटी के पदाधिकारियों ने गुरूवार को शहर के एसटी तिराहा स्थित एकता पार्क में एकत्रित होकर पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 35वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी।



शामली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को शहर के एसटी तिराहा स्थित एकता पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन एवं योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में सहारनपुर कोऑर्डिनेटर ओमप्रक. ाश शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार देने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने और उन्होंने भारत में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के पेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। उनके कार्यकाल में दूरसंचार क्रांति के साथ नवोदय विद्यालयों की स्थापना भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी का व्यक्तित्व बेहद सरल और दूरदर्शी था तथा कार्यकर्ताओं को उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर ओमबीर उपाध्याय, शेखरपाल, रविंद्र आर्य, सोहिल धीमान, पंडित ज्योति प्रसाद, श्रीराम शर्मा, डॉ. श्रीपाल सिंह, सागर चौधरी और मास्टर नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# ऊदपुर साधन सहकारी समिति पर पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ उर्वरक वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊदपुर स्थित साधन सहकारी समिति पर गुरुवार को पुलिस सुरक्षा के बीच किसानों को उर्वरक का वितरण किया गया। इस दौरान समिति पर शांतिपूर्ण ढंग से यूरिया और डीएपी खाद का वितरण संपन्न हुआ।

बताया गया कि बीते मंगलवार को समिति पर यूरिया और डीएपी की खेप पहुंची थी, लेकिन पीओएस मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण किसानों को खाद का वितरण नहीं हो सका। इससे कुछ किसानों ने



नाराजगी जताते हुए विरोध भी किया था। समिति कर्मचारियों को आशंका थी कि पूर्व की तरह किसानों की भीड़ और हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी को देखते हुए कर्मचारियों ने पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। गुरुवार को चौसाना चौकी पुलिस की मौजूदगी में उर्वरक वितरण शुरू कराया गया। इस दौरान करीब 500 बैग यूरिया और 170 बैग डीएपी किसानों को वितरित किए गए। पुलिस की मौजूदगी के चलते वितरण प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि समिति कर्मियों की मांग पर पुलिस बल भेजा गया था, ताकि किसानों को सुचारु रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

# जनपद शामली को मिली इफको की 2680 मीट्रिक टन यूरिया व 600 मीट्रिक टन डीएपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में किसानों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए इफको की 2680 मीट्रिक टन यूरिया तथा 600 मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही जनपद में खरीफ सीजन हेतु उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण कर लिया गया है।

जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल 11108.945 मीट्रिक टन यूरिया तथा 2274.10 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी नहीं है और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें तथा अनावश्यक भंडारण से बचें। शासन के निर्देशों के अनुसार एक कृषक को प्रति हेक्टेयर अधि. कतम डीएपी 05 बैग एवं यूरिया 07 बैग ही दिया जाएगा। इससे अधिक भंडारण को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन माना जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी समितियों पर उनकी मांग के अनुसार सहकारिता विभाग एवं गन्ना विभाग द्वारा उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी समिति में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

कृषकों को सलाह दी गई है कि वे फसल बुवाई में एनपीके तथा एसएसपी उर्वरकों का अधिक प्रयोग करें, जिससे भूमि में सल्फर सहित अन्य आवश्यक तत्वों की पूर्ति हो सके। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे उर्वरक बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मेमो जारी करें, पीओएस मशीन के माध्यम से बिक्री करें तथा स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन रखें। साथ ही किसानों को उनकी जोत के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि जनपद में वर्तमान में उर्वरक आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# 12 घंटे बिजली गुल रहने पर चौसाना बिजलीघर पर ग्रामीणों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भीषण गर्मी के बीच चौसाना क्षेत्र में करीब 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार देर रात चौसाना व आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीण चौसाना बिजलीघर पहुंच गए और विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने लंबे समय तक बिजली न मिलने पर नाराजगी जताते हुए जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में एक विद्युत पोल टूट जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। दिनभर विभागीय कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे रहे, लेकिन देर रात तक बिजली चालू नहीं हो सकी। 44 डिग्री तापमान और उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना था कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की हालत सबसे अधिक खराब रही, वहीं कई घरों में पानी की समस्या भी खड़ी हो गई। बढ़ती नाराजगी के बीच रात करीब 10 बजे ग्रामीण बिजलीघर पहुंच गए और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी दौरान बिजली आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा था। बताया गया कि चौसाना बिजलीघर पर तैनात एसएसओ रवि जैसे ही आपूर्ति चालू कर रहे थे, तभी मशीन में अचानक फ्लशिंग हो गई। फ्लशिंग से निकली आग की चिंगारी की चपेट में आने से उनका हाथ झुलस गया। घटना के बाद बिजलीघर पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिलाया। हंगामे और विरोध के बीच विभागीय टीम ने तेजी से काम करते हुए रात करीब 10:30 बजे बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। इसके बाद ग्रामीण अपने घर लौट गए और लोगों ने राहत की सांस ली।

# एमआईएम ने बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद-उल-अजहा पर्व के अवसर पर बिजली, पानी, सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर ईद-उल-अजहा पर व्यवस्थाओं को लेकर एआईएमआईएम ने ज्ञापन सौंपा।

असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के पदाधिका. रियों ने ईद-उल-अजहा पर्व के अवसर पर बिजली, पानी, सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर शामली कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ईद-उल-अजहा के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बिजली और पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई व्यवस्था कराई जाए। पदाधिका.



रियों ने मांग की कि कुर्बानी के लिए लाए जाने वाले जानवरों के परिवहन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन आवश्यक इंतजाम करे। इसके अलावा नगरपालिकाओं और पंचायतों में सफाई वाहनों की व्यवस्था कर कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों को आबादी क्षेत्र से बाहर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाए तथा इसके लिए गड्ढो की व्यवस्था भी कराई जाए। ज्ञापन में ईद की नमाज के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी ईदगाहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की मांग भी की गई। इस अवसर पर चौधरी परवेज अली, इरफान चौधरी, सद्दाम, हाजी याकूब, नासिर हसन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तेज धूप और गर्मी ने ट्रांस्फार्मर पर बढ़ाया लोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तेज धूप और भीषण गर्मी के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने लगा है। इसी के चलते शहर के गौशाला रोड स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति गर्मी में बढ़ा लोड, गौशाला रोड का ट्रांसफार्मर फूंकने से बिजली आपूर्ति बाधित शामली। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच विद्युत ट्रांसफार्मरों पर लगातार बढ़ते लोड का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में शहर के गौशाला रोड स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर अचानक फूंक गया।

जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, तापमान बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। इसी कारण गौशाला रोड का ट्रांसफार्मर खराब हो गया और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

# एक नजर......

## रिपोर्ट दर्ज कराने से नाराज दबंगों ने युवक को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराने से नाराज कुछ युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला छड़ियान निवासी साफेज पुत्र यूनुस ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के ही शुएब उर्फ भूरा पुत्र जमशेद और उस्मान पुत्र रशीद कथित तौर पर आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, जिनसे उसका पहले से विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि पूर्व में भी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई थीं। पीड़ित के अनुसार 14 मई की दोपहर करीब डेढ़ बजे शुएब उर्फ भूरा और उस्मान ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद आरोपियों ने उससे रंजिश मान ली। आरोप है कि अगले दिन 15 मई को शुएब उर्फ भूरा, उस्मान, शेरखान पुत्र उमरद. राज तथा अफनान पुत्र अशफाक ने उसे रास्ते में रोक लिया और रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर अभद्रता करते हुए धमकाने लगे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने कहा कि "तू हमारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराता है, आज तुझे जान से मार देंगे" और इसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। किसी तरह मौके से भागकर उसने अपनी जान बचाई। पीड़ित का कहना है कि आरोपी लगातार उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार में भय का माहौल है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आजाद अधिकार सेना ने वकीलों से मारपीट पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आजाद अधिकार सेना पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को लखनऊ में वकीलों के साथ हुई मारपीट वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में आजाद अधिकार सेना ने ज्ञापन सौंपा। आजाद अधिकार सेना पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को लखनऊ में वकीलों के साथ हुई मारपीट और उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौत्रा के नेतृत्व में तहसील शामली पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि लखनऊ में वकीलों के चौंबरों पर कथित रूप से गैर कानूनी तरीके से बुलडोजर चलाया गया और विरोध करने पर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर हमला बताया। ज्ञापन में मांग की गई कि लाठीचार्ज में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों, विशेषकर ठाकुरगंज थाना प्रभारी समेत अन्य जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल वकीलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा उठाने और उन्हें आर्थिक सहायता देने की मांग भी की गई। पार्टी पदा. धिकारियों ने प्रभावित अधिवक्ताओं के लिए वैकल्पिक बैठने की व्यवस्था कराने तथा लंबे समय से लंबित अधिवक्ता संरक्षण अधि. नियम को जल्द लागू करने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमबीर कश्यप, जिला महासचिव यूनुस आदि मौजूद रहे।

# ईद उल अजहा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मनाने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने की। बैठक में क्षेत्र के धार्मिक गुरुओं, मौलानाओं तथा गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और प्रशासन के साथ मिलकर त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक के दौरान थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि ईद-उल-अजहा का पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही की जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए कि कुर्बानी से संबंधित फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न किए जाएं, जिससे किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत न हों और सामाजिक सौहार्द बना रहे। थाना प्रभारी ने स्वच्छता व्यवस्था पर भी जोर देते हुए कहा कि कुर्बानी के दौरान निकलने वाले अवशेष एवं खून को नालियों में न बहाया जाए। इसके बजाय इसके उचित निस्तारण के लिए गड्ढा खोदकर वैज्ञानिक एवं स्वच्छ तरीके से निपटारा किया जाए, ताकि क्षेत्र में साफ-सफाई बनी रहे और किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रें में लोगों को जागरूक करेंगे ताकि त्योहार शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के वातावरण में संपन्न हो सके। अंत में बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में किया गया।

# सीएचओ यूनियन ने लंबित मांगों को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीएचओ यूनियन एवं उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने शीघ्र भुगतान न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। जनपद शामली के सभी एनएचएम संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निरकुंन चौधरी, बिलाल चौधरी, पुनित चौधरी, इंशू राणा, पियूष कटारिया, रितेश कश्यप और मनोज राठी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र परवेज आलम व पुत्रवधु रेशमा हमारे कहने-सुनने से बाहर है और परिवार के साथ मारपीट तभा अभद्र व्यवहार करते है। जिसके कारण में उन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व परिवार को कोई लेना-देना नही है।

**सरवरी पत्नी स्व. युनूस निवासी गांव मलकपुर थाना कांधला जनपद शामली।**

**सूचना**

मेरा पुत्र मुदासिर व पुत्रवधु आफरीन हमारे कहने-सुनने से बाहर है और परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते है। जिसके कारण में उन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व परिवार को कोई लेना-देना नही है।

**तैय्यब अहमद पुत्र मीर अहमद निवासी आलदरम्यान थाना कैराना जनपद शामली।**

**पब्लिक नोटिस**

**श्रृंखला विलेख खोने / गिरने के सम्बन्ध में**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति रिहायशी मकान रकबई 145.25 वर्गगज बराबर 121.49 वर्ग मीटर वाके मौहल्ला अस्पताल कालोनी, कस्बा थानाभवन, परगना थानाभवन, तहसील व जिला शामली को उसके मालिक नवाब अहमद पुत्र फहीमउद्दीन द्वारा आदित्य बिरला कैपिटल लि. के पक्ष मे गिरवी रखते हुए ऋण लेना प्रस्तावित है। इस बाबत अंकित शर्मा उक्त द्वारा यह भी प्रदर्शित किया गया है कि इस सम्पत्ति की बाबत पूर्व मूल दस्तावेज विक्रय पत्र इकरारी वकील अहमद पुत्र जमील अहमद बहक इल्यास मौहम्मद पुत्र निजामुद्दीन जिसकी रजि0 दफ्तर सब रजिस्ट्रार शामली मे बही नं0-1 जिल्द नं0-3194 पृष्ठ 253-280 दस्तावेज नं0-8313 पर दिनांक -04-08-2012 को हुई है, कही खो गया है तथा काफी तलाश करने के पश्चात भी नही मिले है।

आदित्य बिरला कैपिटल लि. सभी को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित करता है कि यदि किसी या सभी व्यक्ति इस सम्पत्ति के सम्बन्ध में पूर्णतया या अंशत, बिक्री गिरवी, दान, अधिकार पत्र, पट्टे लाईसेन्स तथा Change/ Easement द्वारा किसी भी प्रकार का हित रखता हो ता इस पब्लिक नोटिस के जारी होने के 7 दिन के अन्दर आदित्य बिरला कैपिटल लि. वाके सुल्तान आरकेड, दिल्ली रोड, सहारनपुर पर तुरन्त सम्पर्क कर साक्ष्य सहित अपनी आपत्तिया प्रस्तुत कर सकता है।

दिनांक:21.5.2026

(वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट)
चै0नं0-95, सिविल कोर्ट, सहारनपुर।
मोबाइल-9737040508

# 24358 नागरिकों ने लिया स्वजनगणना में भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य 22 मई 2026 से प्रारंभ हो रहा है। इस चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना एचएलओ की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 के बीच 30 दिनों की अवधि में संपन्न कराया जाएगा। जनपद में इस कार्य के लिए कुल 2,365 एचएलबी (मकान सूचीकरण प्रपत्र) बनाए गए हैं। प्रथम चरण में 3,006 प्रगणक एवं सुपरवाइजर फील्ड में अपनी सेवाएं देंगे। फील्ड कार्य शुरू होने से पहले सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों को तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण से पहले उत्तर प्रदेश में 07 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना अभियान चलाया गया था। शामली जनपद में इस अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं और 21 मई की शाम तक कुल 24,358 शामली नागरिकों ने स्व-गणना पूरी कर ली। जिलाधिकारी आलोक यादव ने सभी जनगणना अधिकारियों, प्रगणकों और सुपरवाइजरों को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के इस महापर्व का हिस्सा बनें और पूछे गए सभी प्रश्नों के सही-सही उत्तर दें। उन्होंने कहा कि अगर कोई जनगणनाकर्मी आपके घर आता है तो उसे पूरा सहयोग प्रदान करें। इसके अलावा, यदि मकान सूचीकरण एवं गणना के दौरान कोई प्रगणक या सुपरवाइजर आपके घर नहीं पहुंचता है, तो आप जिले में स्थापित जनगणना हेल्पलाइन नंबर 01398-270203 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# डीएम ने झिंझाना व गढ़ीपुख्ता नपं का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी आलोक यादव ने बुधवार को नगर पंचायत झिंझाना और गढ़ीपुख्ता कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, रिकॉर्ड व्यवस्था, जनगणना तैयारी, कर वसूली और निर्माण कार्यों को लेकर संबंधित अधिका. रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




नगर पंचायत झिंझाना के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में रखे पुराने सामान को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना की तैयारियों की जानकारी लेते हुए नगर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही सड़क किनारे ठेले लगाने वालों को डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। नगर के सौंदर्यीकरण को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप और अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम में अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही निलंबित कर्मचारी सत्येंद्र कुमार द्वारा दो दिन के भीतर चार्ज न देने पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायतों के निस्तारण की स्थिति जानी। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर फीडबैक भी लिया, जिसमें शिकायतकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। आगामी मानसून को देखते हुए शहर में नाला सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कर संग्रह कक्ष का निरीक्षण कर निकाय की आय बढ़ाने के लिए उपविधि बनाकर जलकर लागू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए विभिन्न योजनाओं के एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में मांगे आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तपोषित इकाइयों से पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 से पूर्व स्थापित एवं वित्तपोषित इकाइयों में से जनपद की पांच उत्कृष्ट इकाइयों का चयन किया जाएगा।

**एक नजर**

## रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष, महिला पर बलकटी से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर में रास्ते के विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसकी भतीजी की तीन उंगलियां कट गईं। दोनों घायलों का उपचार पानीपत के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव मलकपुर निवासी गुफरान पुत्र यूनुस ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है और अधिकांश समय हरियाणा में रहता है। आरोप है कि 19 मई की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव के ही सद्दाम और उसकी पत्नी सन्नो उसके घर पहुंचे तथा रास्ते को लेकर उसकी पत्नी सीमा और भतीजी मुस्कान से कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज होने लगी। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान सद्दाम अपने घर से बलकटी लेकर आया, जबकि सन्नो के हाथ में लाठी थी। आरोपियों ने दोनों महिलाओं पर हमला कर दिया। हमले में सीमा के सिर, गर्दन और हाथ पर गंभीर चोटें आईं, जबकि मुस्कान के हाथ पर धारदार हथियार लगने से उसकी तीन उंगलियां कटकर अलग हो गईं। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल महिलाओं को तुरंत उपचार के लिए हरियाणा के पानीपत स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। पीड़ित गुफरान ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अग्रवाल समाज ने मेधावियों को किया सम्मानित

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट रजि. शामली के द्वारा गुरूवार को नगर पालिका सभागार में महत्वूर्पण बैठक एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल समाज ट्रस्ट ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को नगर पालि. का सभागार में महत्वपूर्ण बैठक एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोतवाली शामली प्रभारी सचिन शर्मा, संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता (सीए) तथा समाजसेवी सुमित बंसल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि संगठन समाज हित में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में छात्र-छात्राओं के उत्थान के कैरियर काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें जिलेभर से हजारों विद्यार्थियों ने भाग लेकर लाभ उठाया। मुख्य अतिथि सचिन शर्मा ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे प्रयासों से युवाओं को सही दिशा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में कुल 45 मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर राहुल तायल, सुमित बंसल, नीरज संगल, उत्तम जिंदल, सभासद राजीव गोयल, नीरज मित्तल, प्रवीन गोयल हेप्पी, रजत बिंदल, पंकज बंसल, अमित मित्तल, पंकज गर्ग और संजीव संगल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सत्यनारायण में शिशु का समर कैंप आयोजित

**शामली।** शहर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, सीखी रचनात्मक गति. विधियां दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कला, संगीत, योग, इंडोर गेम्स और पाक कला से जुड़ी गतिविधियों का आनंद उठाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप में कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट तथा संगीत गतिविधियों में हिस्सा लिया, जबकि कक्षा 4 के बच्चों को योग और संगीत का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं कक्षा 3 और कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने इंडोर गेम्स के माध्यम से मनोरंजन के साथ नई चीजें सीखीं। छात्राओं ने सलाद कटिंग और नारियल लड्डू सजाने की कला सीखकर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ गतिविधियों में भाग लेकर कैंप को यादगार बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष बनाना जरूरी है। साथ ही शिक्षकों द्वारा बच्चों को नई-नई गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास की भी सराहना की।

## जातिसूचक गालियां देकर मारपीट व कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव टोडा निवासी श्रीचन्द कोरी पुत्र फेरू ने गांव के ही कुछ लोगों पर जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने, गन्ने की फसल खराब करने और जमीन पर जबरन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना झिंझाना पुलिस सहित एससी-एसटी आयोग, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भेजी है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके भाई सोम्मा पुत्र फेरू को वर्ष 1997 में भूमि का पट्टा आवंटित हुआ था। उक्त भूमि को लेकर मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 25 मई 2026 को निर्धारित है। आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद विपक्षी पक्ष कब्जे में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर रहा है। पीड़ित का आरोप है कि गांव की पुष्पा पत्नी राममेहर, मोनू पुत्र राममेहर, राजेन्द्र पुत्र बाबूराम समेत अन्य लोग लगातार जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हैं। आरो. पितों पर खेत में घुसकर खड़ी गन्ने की फसल खराब करने तथा फसल कटाई में बाधा डालने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि विरोध करने पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है, जिससे परिवार भयभीत है। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामले की प्रतिलिपि अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग लखनऊ, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली, जिलाधिकारी , एसपी और थाना झिंझाना को भी भेजी गई है।

# किसानों की समस्याओं पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को डीएम आलोक यादव से मुलाकात कर किसानों एवं उन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा।



भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिला. धिकारी आलोक यादव से मुलाक. ात कर किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। भाकियू नेताओं ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम चौन्दाहेड़ी में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत करीब 20 वर्ष पूर्व बनी सड़क जर्जर हो चुकी है, जिसका पुनर्निर्माण कराया जाना चाहिए। इसके अलावा गांव को सिकंदरपुर बिजलीघर के बजाय नौनांगली बिजलीघर से जोड़ने की मांग की गई। नेताओं का कहना था कि नौनांगली बिजलीघर गांव से काफी नजदीक है, जबकि वर्तमान में दूर स्थित सिकंदरपुर बिजलीघर से आपूर्ति होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। भाकियू पदाधिकारियों ने ग्राम भैसानी इस्लामपुर में जर्जर हाईटेंशन बिजली पोल बदलवाने की मांग भी की। वहीं जनपद में यूरिया और डीएपी खाद की किल्लत तथा कालाबाजारी पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि निजी दुकानदार किसानों पर खाद के साथ कीटनाशक दवाइयां खरी. दने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने सहकारी समितियों की अपेक्षा निजी दुकानदारों को अधिक खाद उपलब्ध कराने का भी आरोप लगाया। ज्ञापन में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की जांच कराने, किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा जनपद में बढ़ते एमएसडब्ल्यू वेस्ट के निस्तारण की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा ग्राम करौदा हाथी में बंदरों के आतंक और ग्राम राझड़ के ग्राम पंचायत अधिकारी पर फोन न उठाने एवं कार्यालय में अनुपस्थित रहने के आरोप भी लगाए गए। इस दौरान बाबा संजय कालखाड़े, आशीष चौधरी, जावेद तोमर, प्रभात मलिक और कविता चौधरी मौजूद रहे।

# संयुक्त कर्मचारी यूनियन का तहसील में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका में गुरुवार को विभिन्न कर्मचारी यूनियनों द्वारा संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नही माना गया तो सोमवार से वह कामबंद कर हडताल करेगे। नगर पालिका में कर्मचारियों का धरना, मांगें पूरी न होने पर हड़ताल की चेतावनी




शामली। नगर पालिका परिषद में गुरुवार को विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के संयुक्त तत्वावधान में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो सोमवार से कामबंद हड़ताल की जाएगी। धरने के दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग उठाई। साथ ही संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की मांग भी की गई।

कर्मचारियों ने पालिका कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से आठ चपरासियों की नियुक्ति की भी मांग रखी। इसके अलावा डोर-टू-डोर सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने तथा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन 18 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ देने की मांग भी की गई। धरने में स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप टांक, महासचिव अमित तेश्वर, यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महासचिव अश्वनी तश्वैर, विनोद निर्वाल, जितेंद्र टांक, अनुज चावला, राजन पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, दीपक बिड़ला, दीपक चंद्रा, जाकिर हुसैन, मोहम्मद हासिम, नितिन कुमार भंवर और अश्वनी पारचा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोजपा ने जातिसूचक घटना को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों ने कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र के गांव झखरा संभरपुर में एक किशोर के साथ हुई कथित जाति आधारित हिंसा की घटना के विरोध में लोजपा रामविलास ने ज्ञापन सौंपा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पदा. धिकारियों ने कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र के गांव झखरा संभरपुर में एक किशोर के साथ हुई कथित जाति आधारित हिंसा की घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 2 मई 2026 को गांव झखरा संभरपुर में 16 वर्षीय किशोर शिवम कोरी के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने बाल्टी छूने को लेकर धर्म भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए किशोर के साथ मारपीट की तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पार्टी पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ऐसी घटनाएं समाज में जातिवाद जैसी गंभीर समस्या को बढ़ावा देती हैं, इसलिए भविष्य में इनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुलफाम मीर, वाजिद, बबलू, अंकुश, सनोज, सोनू कोरी, गुलरोज आदि मौजूद रहे।

# संरक्षित पशु के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठनों ने मौके पर किया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संरक्षित पशु के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। उन्होंने गोकशी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया।



माजरी गांव से होकर गुजर रहे रजबहे में एक बोरे में संरक्षित पशु के अवशेष मिलने से हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में रोष पनप गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री रुद्र मिश्र अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और बोरे को बाहर निकाल कर हंगामा करना शुरु कर दिया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। रुद्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बोरे में संरक्षित पशु का सिर, सींग, खाल व अन्य अवशेष मिले। इससे साफ है कि माजरी या उसके आसपास के गांव में लगातार गोकशी हो रही है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाकर अवशेषों की जांच कराई और गुस्साए लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इस मौके पर शिवम सैनी, अजय कुशवाह, अजय प्रजा. पति, रुद्र त्यागी, यशु त्यागी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## शातिर चोरों को वाइब्रेटर मोटर सहित किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की गई वाइब्रेटर मोटर बरामद हुई है। बाबूपुर गांव निवासी उत्तम सिंह कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसकी फैक्ट्री के गोदाम से चोर वाइब्रेटर मोटर चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरु की थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने बाबूपुर नगली मार्ग से लच्छीपुर गांव निवासी दिनेश और ठोकरपुर गांव निवासी अनुज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी दिनेश के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम के तहत दो प्राथमिकी दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# हत्याकांड में न्याय दिलाने को किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईंट भट्ठा मुंशी पिंटू प्रजापति हत्याकांड के राजफाश की मांग को लेकर भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रजापति समाज ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।




संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के नेतृत्व में काफी संख्या में प्रजापति समाज के लोग और कुटेसरा गांव के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय परिसर पहुंचे और वहां धरना दिया। मोहन प्रजापति ने कहा कि पिंटू प्रजा. पति देवबंद के घलौली गांव स्थित ईंट भट्ठा पर नौकरी करता था। पिंटू 29 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। तीन मई को देवबंद क्षेत्र के आखलौर खेड़ी गांव में एक नाले के निकट उसका शव पड़ा मिला था। उसकी बेहरमी से हत्या की गई थी। लेकिन पुलिस हत्या और उसके कारणों का अभी तक सुराग नहीं लगा पाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उग्र आंदोलन चलाया जाएगा। यदि हाइवे जाम भी करना पड़ा तो वह इससे भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके बाद संगठन की ओर से एसडीएम विजय प्रताप को ज्ञापन दिया गया। एसडीएम ने लोगों को उचित आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया, जिलाध्यक्ष विजयपाल, मांगेराम प्रजा. पति, नितिन प्रजापति, विनोद प्रजा. पति, डा. विपिन कुमार, विकास प्रजापति, मनोज व सतीश आदि शामिल रहे।

# जब तक वेतन नहीं मिलता जारी रहेगा प्रदर्शन: कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात संविदा कर्मियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। कर्मचारियों ने चेताया कि जब तक उन्हें वेतन नहीं मिल जाता, वह अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे।




संविदा कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डा. गय्यूर अली ने कहा कि वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। उन्होंने रुका हुआ वेतन दिए जाने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत समान कार्य समान वेतन मिलने, नौकरी सुरक्षा की गारंटी के साथ ही उन्हें स्थाई किया जाने की मांग रखी। इस मौके पर डा. सौरभ यादव, डा. आशुतोष, डा. गौरव, डा. लक्ष्य गुप्ता, डा. हिमाद्री, डा. नीरज, विरेंद्र, देवेंद्र, मोतीलाल आदि के अलावा आशा एवं आशा संगिनी आदि शामिल रहे।

वहीं, सीएचसी प्रभारी डा. रियंका सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आने वाले लगभग 70 कर्मचारी वेतन न मिलने के कारण हड़ताल पर हैं। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के लगभग 40 कर्मचारी ड्यूटी पर हैं। अस्पताल में इमरजेंसी और ओपीडी सेवाएं चालू है। संविदा कर्मियों के हड़ताल पर होने के कारण थोड़ी बहुत परेशानी तो हो रही है, लेकिन अस्पताल में आने वाले सभी मरीजो को इलाज सही दिया जा रहा है।

# ईदगाह में सुबह 6.15 बजे अदा की जाएगी ईद-उल-अजहा की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद-उल-अजहा के मद्देनजर ईदगाह वक्फ कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दारुल उलूम और दारुल उलूम वक्फ के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। सर्वसम्मति से ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह सवा छह बजे अदा किए जाने का निर्णय लिया गया। स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में तय किया गया कि दारुल उलूम वक्फ की अतीब मस्जिद में सुबह छह बजे, दारुल उलूम की मस्जिद रशीद में सुबह साढ़े छह बजे नमाज अदा की जाएगी। जबकि मरकजी जामा



मस्जिद में नमाज का वक्त सुबह सात बजे रखा गया है। कमेटी सचिव अनस सिद्दीकी ने बताया कि ईदगाह में प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान मुफ्ती सैयद अफ्फान मंसूरपुरी नमाज अदा कराएंगे। उन्होंने नमाजियों से अपील की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी छह बजे तक ईदगाह पहुंच जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि नमाज ईदगाह परिसर के अंदर ही अदा करें और सड़कों पर नमाज पढ़ने से परहेज करें। मौसम खराब होने की स्थिति में ईदगाह के स्थान पर मस्जिद रशीद में नमाज अदा की जाएगी। बैठक उपरांत कमेटी पदाधिकारियों ने ईदगाह का निरीक्षण भी किया।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र शमशुददीन पुत्रवधु गुलशन मेरे कहने सुनने में नहीं है तंग व परेशान होकर मैंने इन दोनों से संबंध विच्छेद कर लिया और अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया भविष्य में इन दोनों के किसी भी कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

रिजवान पुत्र मन्जूर निवासी ग्राम नन्हेडा बुडढाखेडा नागल सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र कपिल व विकुल को उनके गलत आचरण के कारण सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनो का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई सम्बंध नहीं रहेगा।

सतपाल पुत्र बिशम्बर निवासी ग्राम निहाल खेडी थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

# हाईवे पर हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव खजूरवाला के निकट हाईवे पर सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। जबकि चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मुजफ्फरनगर जनपद के गांव कव्वाल निवासी चार युवक छोटा हाथी वाहन संख्या UP 15 GT 4047 में भैंस लेकर गागलहेड़ी क्षेत्र स्थित हरोड़ा फैक्ट्री जा रहे थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे गांव खजूरवाला के निकट हाईवे पर बने पुल के पास वाहन का टायर अचानक पंचर हो गया। इसके बाद चालक अरशद और शौकीन टायर ठीक कराने के लिए चले गए, जबकि हसरत और जमालू डिवाइडर पर लगे पेड़ों की छाया में बैठ गए।

इसी दौरान मुजफ्फरनगर की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े छोटा हाथी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छोटा हाथी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा पलटा और वहां बैठे दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया।



# आईआईएमटी में मेधावी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सीबीएसई के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हे अंगवस्त्र व सम्मान प्रतीक चिह्न देकर अभिनन्दित किया गया।



इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समय छात्रों के लिए उनके करियर का चुनाव करने का समय है तथा सही करियर का चुनाव ही उनका भविष्य निर्माण करेगा। उन्होंने छात्रों को सफलता के आठ नियमों के बारे में विस्तार से बताया। संस्था की ग्रुप निदेशक डॉ अंजू वालिया ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान समारोह छात्रों की उपलब्धियां का उत्सव है लेकिन इसके पीछे छिपी वर्षों की मेहनत और समर्पण को भी नमन करने का अवसर है, इसलिए इंद्रप्रस्थ संस्थान हमेशा से ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने, संवारने और प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहा है क्योंकि हमारा उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है हम चाहते हैं कि हमारे छात्र विचारशील नागरिक बने जो समाज को दिशा दे सके।

कार्यक्रम में आशुतोष गुप्ता व डॉ कमल कृष्ण ने भी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन डॉ नेहा त्यागी व ज्योति भारद्वाज ने किया।

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक व संस्था का स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक्सईएन को समस्याओं का ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने बिजली कट सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विद्युत विभाग एक एक्सईएन को सौंप कर समस्याओं के समाधान की माँग की है।

भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर कार्यकर्ताओं के साथ एक्सईएन कार्यालय पहुँचे।उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारी लाप. रवाही कर रहे हैं जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।कई कर्मचारी कॉल भी रिसीव नहीं करते। इस्लामनगर और जानखेड़ा फीडर पर एक ही जेई की तैनाती होने के कारण भी समस्याएं हो रही हैं।बाद में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एक्सईएन को सौंप कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग की। एक्सईएन विजय कुमार ने शीघ्र ही समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान मांगेराम, अरुण कुमार, महबूब प्रधान, सतीश कुमार, युवराज,अनिल कुमार, विजयपाल,संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोर दबोचा

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने बेरीतगा के शिव मंदिर के दान पात्र व कस्बे में सीमेंट की दुकान के गल्ले से नगदी चोरी करने वाले चोर को दबोचा।

जानकारी देते हुए एसओ धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने कैलाशपुर जाने वाले कच्चे रास्ते से रहमान पुत्र वहीद निवासी पाली को संदिग्ध परिस्थितियों में दबोचा, तलाशी में रहमान की जेब से लगभग साढ़े छह हजार रुपये बरामद हुए। थाने लाकर पूछताछ में रहमान ने पुलिस को बताया कि उसने बेरीतगा गांव के शिव मंदिर व मु नगर रोड स्थित सीमेंट व्यापारी के गल्ले से चोरी किये जान स्वीकार किया। पुलिस ने चोर को जेल भेजा है।

# शॉर्टकट के चक्कर में ट्रक ने 10 साल के मासूम को रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नो एंट्री की पाबंदी से बचने और शॉर्टकट अपनाने की ट्रक चालकों की जानलेवा जिद ने आखिर एक मासूम को अपनी चपेट में ले ही लिया। थाना फतेहपुर क्षेत्र के अंतर्गत अलावलपुर रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने 10 साल के मासूम बच्चे अशद को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में बच्चे की दोनों टांगें ट्रक के पहिए के नीचे आ गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



घायल मासूम अशद पुत्र गालिब अलावलपुर रोड का रहने वाला है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि हाईवे पर नो एंट्री से बचने के चक्कर में भारी ट्रक चालक फतेहपुर सरकारी अस्पताल के पीछे मौजूद गांव के बेहद संकरे रास्ते से होकर रोज गुजरते हैं। संकरा और रिहायशी रास्ता होने के बावजूद इन भारी ट्रकों की रफ्तार पर कोई लगाम नहीं होती, जो लगातार बड़े हादसों को दावत दे रहे थे और आखिरकार बृहस्पतिवार की दोपहर को इस लापरवाही ने एक मासूम को जिंदगी और मौत के मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने अस्पताल के पीछे वाले इस संकरे रास्ते से ट्रकों के अवैध संचालन पर समय रहते सख्त कदम उठाए होते, तो आज यह मासूम इस हालत में न होता।

# जनगणना किट न लेने वाले प्रगणकों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनगणना 2027 के लिए नियुक्त किए गए जिन प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने जनगणना के लिए अपनी किट व नियुक्ति पत्र नहीं लिए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उनके विभागों को पत्र भेजे गए हैं। लगभग एक सौ प्रगणकों द्वारा किट प्राप्त नहीं की गयी है।



उल्लेखनीय है कि जनगणना -2027 के प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून तक भवनों का सूचीकरण किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम में गत 19 मई से जनगणना के लिए नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को किट वितरित की जा रही थी। जोन दो की चार्ज अधिकारी/निगम की कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने बताया कि जनगणना के लिए 223 पर्यवेक्षक व 1383 प्रगणक नियुक्त किये गए है। उन्होंने बताया कि एक-आध को छोड़कर लगभग सभी पर्यवेक्षकों द्वारा अपनी किट व नियुक्ति पत्र प्राप्त कर लिए गए हैं लेकिन करीब एक सौ प्रगणकों द्वारा अभी तक किट प्राप्त नहीं की गयी है। उन्होंने बताया कि जिन प्रगणकों ने अपनी किट व नियुक्ति पत्र नहीं लिए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सम्बंधित विभागों को पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रगणकों में अधिकांशत: पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी व बेसिक शिक्षा विभाग से सम्बंधित प्रगणक शामिल है। चार्ज अधिकारी ने बताया कि कल 22 मई से प्रगणक घर-घर जाकर भवनों का सूचीकरण करेंगे। उन्होंने लोगों से प्रगणकों को सहयोग देने की अपील की, साथ ही कहा कि किसी को भी अपना कोई भी गोपनीय दस्तावेज, आधार कार्ड व पैन कार्ड दिखाने या देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने स्व-गणना की है वह प्रगणकों के घर पहुंचने पर स्वगणना के दौरान मिली आई डी भी प्रगणकों को उपलब्ध कराएं।

## करंट से नीलगाय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** खेतों में बिजली लाइनों के रूप में लटकती मौत, नीलगाय की दर्दनाक मौत से ग्रामीणों में रोष।

थाना सरसावा क्षेत्र के ग्राम घघोंड के समीप शाहजहांपुर नकुड़ मार्ग पर ग्राम बहलोलपुर निवासी ठेकेदार किसान प्रदीप कुमार का खेत है जिसके खेत के ऊपर से हाइटेंशन लाइन गुजर रही यह जर्जर बिजली लाइन एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। खेत में जमीन से करीब चार फीट ऊपर लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक नीलगाय की दर्दनाक मौत हो गई। किसान नितिन ,महफूज आदि का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते अब बेजुबान जानवरों की जान जा रही है।

# शरबत पिलाकर राहगीरों की बुझाई प्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान राहगीरों को राहत देने के लिए कस्बे मे बेहट बार एसोशिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने छबील लगाया और शरबत पिलाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।

कस्बे के तहसील के मुख्य द्वार पर कस्बे के अधिवक्ताओं ने छबील लगाया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या तथा पूर्व बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप राणा ने कहा कि इन दिनों कड़क धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान है। खासतौर पर सफर करने वाले राहगीरों को धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलवाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। हमे ऐसे कामों में बढ़चढकर भागीदारी निभानी चाहिए आज राहगीरों को गर्मी से राहत देने और उनकी प्यास बुझाने के लिए छबील लगाया गया जिसमे तहसील के अधिवक्ताओं ने मिलकर राहगीरों की बाईके, कारे, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रालियों, आटो और बसों को रुकवाकर लोगो को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर शाहवेज आलम, सुनील सैनी, पवन सिंह दिनेश कांबोज, मोहन सैनी, रिजवान अहमद, बंसीलाल आदि मौजूद रहे।



# हाईवें पर हुड़दंग मचाते युवक धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** दिल्ली-देहराद. ून हाईवे पर आज उस समय हड़कंप मच गया, जब गाड़ी का हॉर्न बजाने की मामूली सी बात को लेकर कुछ युवकों ने बीच सड़क पर जमकर उत्पाद मचाया। चमारीखेड़ा पुलिस चौकी के पास हुए इस हंगामे और गाली-गलौज के कारण हाईवे की शांति व्यवस्था पूरी तरह भंग हो गई और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा की टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर घेराबंदी की और बीच सड़क पर तांडव कर रहे दिल्ली के 5 रईसजादों को दबोच लिया। पुलिस की गिरफ्त में आए इन हुड़दंगियों की पहचान दिल्ली के न्यू अशोक विहार निवासी रिवज, देव, रोहित, कृष्णा नगर निवासी गुरूनन्द तिवारी और न्यू अशोक नगर निवासी निखिल के रूप में हुई है, जिन्हें पुलिस ने बीएनएसएस (ठछै) की धारा 170, 126 और 135 के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस कस्टडी में आते ही हाईवे पर सीना तानने वाले इन लड़कों की सारी हेकड़ी धरी की धरी रह गई और ये पुलिसकर्मियों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगे। पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने रोते हुए कहा कि साहब हमसे बहुत बड़ी गलती हो गई है, हमें इस बार माफ कर दो, आगे से कभी ऐसा काम या हुड़दंग नहीं करेंगे।

# ईमानदारी की मिसाल बने अफ्फान अंसारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता अफ्फान अंसारी ने ईमानदारी व इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की है जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। तहसील परिसर में गिरी 29,500 रुपये की नकदी उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर उन्होंने न केवल मानवता का परिचय दिया, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया है।



बतादें कि अंबेहटा के मौहल्ला इमामियान निवासी एवं एसआर जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक मा. कदीर पुत्र अल्ला बन्दा गत 13 अप्रैल को अपने निजी कार्य से नकुड़ तहसील आए थे। इसी दौरान उनकी जेब से 500-500 रुपये के 59 नोटों की गड्डी कहीं गिर गई। काफी देर बाद जब उन्हें रकम गायब होने का एहसास हुआ तो उन्होंने तहसील परिसर और आसपास काफी तलाश की लेकिन रुपये नहीं मिले। उधर तहसील परिसर से गुजर रहे अधिवक्ता अफ्फान अंसारी को रास्ते में नोटों की गड्डी पड़ी मिली। इतनी बड़ी रकम मिलने के बावजूद उन्होंने उसे अपने पास सुरक्षित रखा और उसके असली मालिक की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने साथी अधिवक्ताओं को जानकारी देने के साथ सोशल मीडिया व विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से भी सूचना प्रसारित कराई ताकि रकम उसके मालिक तक पहुंच सके। बुधवार को मा. कदीर तहसील पहुंचे तथा अधिवक्ता संघ के समक्ष अपनी गुम हुई रकम के संबंध में जानकारी दी। पूछताछ और पहचान की पुष्टि होने के बाद अधिवक्ता अफ्फान अंसारी ने पूरी रकम उन्हें सौंप दी। इस मौके पर अधिवक्ता अफ्फान अंसारी ने कहा कि जब से उन्हें यह रकम मिली थी, तब से वह उसके वास्तविक मालिक को तलाशने को लेकर बेचौन थे। इस दौरान अधिवक्ता मोहर सिंह, महिपाल, इंद्रेश त्यागी, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, भरत सिंह, प्रदीप वर्मा तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष धनीराम सैनी मौजूद रहे।

# टोल कर्मियों से मारपीट

**गागलहेड़ी।** स्टेट हाईवे स्थित कोलकी टोल प्लाजा पर तैनात टोलकर्मी ने बगैर टोल टैक्स अदा किए जाने से मना किया तो दर्जन से अधिक युवको ने टोलकर्मी को मारपीट घायल किया। टोल मैनेजर ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई।

कोलकी टोल के असिस्टेंट टोल मैनेजर शारदा प्रसाद पांडे ने बताया कि बुधवार रात्रि करीब 8:30 बजे गागलहेड़ी की ओर से कारों का काफिला आकर आउट लाइन पर रुका। अगली दो कारों में सवार दर्जन भर युवक टोलकर्मी कोशैलेंद्र के पास पहुंचे व किसी युवक से बात करने के लिए कहने लगे। टोलकर्मी ने किसी से भी बात करने से इनकार करते हुए बगैर टोल टैक्स दिए निकलने से साफ मना किया तो युवक आगब. बूला हो गए व टोलकर्मी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल टोलकर्मी को हरोडा सीएचसी भर्ती कराया जहां से गम्भीर हालत देखते हुए टोल कर्मी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

**सूचना**

मेरे दसवी कक्षा के शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा, मेरे पिता और मेरी माता का नाम गलती से हम्माद अहमद, शबीना कौसर और नौशाद अहमद लिखा गया है। जबकि मेरा, मेरे पिता और मेरी माता का वास्तविक नाम हम्माद, शबीना और नौशाद है।

**हम्माद पुत्र नौशाद निवासी पीरवाली गली नम्बर 1, इब्राहिमाबाद, सहारनपुर।**

# शांतिपूर्वक मनाएं त्यौहारः रूचि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सीओ रुचि गुप्ता ने कहा कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए शांतिपूर्वक त्यौहार मनाएँ।

ईद उल अजहा पर शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ रुचि गुप्ता ने कहा दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाएँ। शासन की गाइडलाइन का पालन करें। ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था में व्यवधान आए। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने कहा कि खुले स्थान पर कोई कुर्बानी नही की जाए।मीट को ढककर ले जाया जाए। अवशेष इधर उधर न फेंके जाएं। खून नालियों में न बहाया जाए।

शहर काजी नदीमुल हक ने कहा कि कुर्बानी हमेशा की तरह पर्दे में और एहतियात के साथ ही की जाएगी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि यहाँ से हमेशा अमन और एकता का पैगाम दुनिया भर में जाता है।

इस दौरान मौलाना शमशीर कासमी, एसआई ललित कुमार, रविंद्र चौधरी, आस मोहम्मद सैफी, प्रदीप बालियान, सभासद नफीस सैफी, जानी सभासद, आफताब मलिक, हाजी मंसूर, हाजी आदिल प्रधान, तारिफ प्रधान आदि मौजूद रहे।

# छुटमलपुर व बेहट में महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नारी सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को धरातल पर मजबूत करने के उद्देश्य से थाना फतेहपुर की महिला पुलिस टीम लगातार सक्रिय नजर आ रही है।

थाना फतेहपुर में तैनात महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल प्रीति और महिला रिक्रूट आरक्षी रूपाली द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महिला पुलिस टीम ने सीधे बालिकाओं और महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और समाज में निडर होकर रहने का हौसला दिया।

अभियान के दौरान महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर और उनकी टीम ने ने बालिकाओं को समझाया कि यदि रास्ते में, स्कूल के आसपास या बाजारों में कोई भी मनचला या शरारती तत्व उन्हें परेशान करता है, तो वे बिना डरे इन नंबरों पर तुरंत सूचित करें, जिस पर पुलिस बिना पहचान उजागर किए तत्काल कड़ी कार्रवाई करेगी।

इसके साथ ही टीम ने बाजारों में बेवजह घूम रहे संदेहास्पद युवकों की चेकिंग कर उन्हें सख्त चेतावनी भी दी।





**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा एसपी ग्रामीण मयंक वर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दिखीत के नेतृत्व में , महिला उप निरीक्षक मनोरमा चौधरी, महिला हेड कांस्टेबल ललिता, महिला कांस्टेबल कोमल तथा प्रियम मे कस्बा बेहट में आने वाली महिलाओं एवं युवतियों को महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 2 के तहत बालिकाओं व महिलाओं को डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया।

बाल विवाह निषेध अभियान के बारे में बताया गया। उन्होंने महिलाओं से आहवान किया गया कि अगर उनको कोई परेशान या छेड़छाड़ करता हो या फिर उनकी कोई भी समस्या हो अपने क्षेत्र के थाने मे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए उनका शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा

# दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा घरेलू सीजन

■ दो चरणों में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय घरेलू क्रिकेट सीजन 2026-27 की शुरुआत 23 अगस्त से छह जोनल टीमों वाली पुरा दलीप ट्रॉफी से होगी। वहीं अक्टूबर से शुरु होने वाली रणजी ट्रॉफी दो चरणों में खेली जाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार दलीप ट्रॉफी के बाद ईरानी कप खेला जाएगा, जिसमें मौजूदा रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू और कश्मीर का सामना शो भारत टीम से होगा। यह मुकाबला एक अक्टूबर से खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी पिछले सीजन की तरह दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। रणजी ट्रॉफी में 32 टीमें एलीट ग्रुप में और छह टीमें प्लेट ग्रुप में खेलेंगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण अक्तूबर और नवम्बर 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जनवरी में टूर्नामेंट दोबारा शुरू होगा और फरवरी तक चलेगा। इसी बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी आयोजित होंगी। महिला घरेलू सीजन की शुरुआत सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी से होगी, जो अक्तूबर और नवम्बर में खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर विमेंस इंटर जोनल ट्रॉफी और फिर सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी तथा इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी दिसम्बर से फरवरी के बीच आयोजित होंगी। महिला आयु वर्ग के टूर्नामेंट नवम्बर से जनवरी तक चलेंगे। आगामी सीजन में एक नया टूर्नामेंट भी जोड़ा गया है। इसमें सीके नायडू ट्रॉफी विजेता टीम का मुकाबला शो भारत अंडर 23 टीम से होगा। बीसीसीआई के अनुसार इसका उद्देश्य 'उभरते अंडर 23 क्रिकेटरों को ज्यादा प्रतिस्पर्धी मंच देना' है।

# GT ने CSK को 230 रन का टारगेट दिया

## साई सुदर्शन ने खेली एक बार फिर खेली 84 रन की पारी, गिल व बटलर के भी अर्द्धशतक

■ जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की खराब शुरूआत, 31 रन पर तीन विकेट खोए

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 का 66वां मुकाबला गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। चेन्नई ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। गुजरात ने 19 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 216 रन बना लिए हैं।

शुभमन गिल 64 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में कंबोज के ओवर में 15 रन आए, लेकिन चेन्नई ने दो अहम विकेट भी झटके। ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन ने शानदार छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह बड़ा शाट खेलने के प्रयास में



लॉन्ग-ऑफ पर शार्ट को कैच थमा बैठे। सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इसके बाद तेवतिया बिना खाता खोले रन आउट हो गए। गायकवाड ने मिड-आफ से शानदार डायरेक्ट हिट लगाकर उन्हें पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद बटलर ने लगातार दो चौके जड़कर दबाव कम किया और सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया। ओवर खत्म होने तक गुजरात का स्कोर 19 ओवर में 216/3 पहुंच गया। 14वें ओवर में 22 रन आए। बटलर ने नूर के खिलाफ आते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और दो शानदार छक्के जड़े। ओवर की आखिरी गेंद पर बटलर ने फुल लेंथ गेंद को काउ कार्नर के ऊपर स्टैंड में पहुंचा दिया। 12.2 ओवर में ने जानसन ने गिल को आउट कर चेन्नई को बड़ी सफलता दिलाई। गिल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद हवा में चली गई। शिवम दुबे ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। इस सीजन कैचिंग में संघर्ष कर रहे दुबे के लिए यह आसान मौका नहीं था। गिल 37 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। 11.1 ओवर में नूर की गेंद पर एक रन लेकर सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार पांचवां आईपीएल पचासा है। सुदर्शन ने डगआउट की ओर अंगूठा दिखाकर जश्न मनाया। उन्होंने शुरुआत धीमी की थी, लेकिन बाद में शानदार लय पकड़ते हुए तेजी से रन बनाए। नूर की गुगली गेंद को उन्होंने स्क्वायर लेग के पीछे खेलकर एक रन लिया और अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने टी-20 क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। गिल ने यह उपलब्धि 185 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर क्रिस गेल हैं।

# सदर्न डर्बी में सभी निगाहें विराट कोहली पर

**हैदराबाद, वार्ता।** विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग ताकत के बीच एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला शुक्रवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में धूम मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि आईपीएल 2026 का लीग चरण एक रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है।

हालांकि दोनों टीमों ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, फिर भी टॉप-टू में जगह बनाने की दौड़ में यह मुकाबला बहुत अहम है, जिससे इस सीजन के सबसे ज्यादा इंतजार वाले मैचों में से एक में और भी ज्यादा रोमांच जुड़ गया है। सभी की नजरें पूरी तरह से कोहली पर टिकी होंगी, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक जबरदस्त सीजन खेलकर अपने पुराने रंग में वापसी की है। भारत के पूर्व कप्तान ने 13 पारियों में 54-20 की औसत और 164-74 के स्ट्राइक रेट से 542 रन बनाए हैं, और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचने में आरसीबी की शानदार बढ़त की अगुवाई की है।



सालों की अनियमितता और करीबी हार के बाद, बेंगलुरु को इस सीजन में आखिरकार सही संतुलन मिल गया लगता है, जिसमें उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों यूनिट्स से योगदान मिल रहा है। आरसीबी 18 पॉइंट्स और 1-065 के बेहतरीन नेट रन रेट के साथ इस मुकाबले में उतर रही है, जिससे लीग चरण को टॉप पर खत्म करने के लिए वह पसंदीदा टीम बन गई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर 23 रनों की शानदार जीत के बाद आरसीबी के आत्मविश्वास को एक और बड़ा बढ़ावा मिला। वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जबकि कोहली ने 58 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। देवदत्त पडिक्कल के आक्रामक 45 रनों ने बेंगलुरु की बैटिंग लाइनअप की गहराई को और भी ज्यादा उजागर किया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार कर रहे हैं।

एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज हैदराबाद में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि आरसीबी के मुख्य गेंदबाज के तौर पर वापसी कर रहा है। भुवनेश्वर इस सीजन में असाधारण रहे हैं, और 13 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के पास अपने दिन किसी भी विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए काफी ताकत है। पैट कमिंस की अगुवाई वाली इस टीम ने अपनी रणनीति आक्रामक बैटिंग और निडर इरादों के इर्द-गिर्द बनाई है, खासकर अपने घरेलू मैदान हैदराबाद में, जहां ज्यादा स्कोर वाले मुकाबले अब एक आम बात हो गई है। दक्षिण अफ्रीकी स्टार हेनरिक क्लासेन एसआरएच की बैटिंग की रीढ़ रहे हैं, जिन्होंने 13 मैचों में 50 से ज्यादा की औसत से 555 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा ने 200 से ज्यादा के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 507 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया है, जिससे हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बन गई है। एसआरएच ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। ईशान किशन ने 70 रनों की संयमित पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि क्लासेन के 47 रनों की आक्रामक पारी ने यह सुनिश्चित किया कि हैदराबाद आसानी से लक्ष्य का पीछा कर ले। आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत में एसआरएच को छह विकेट से हराया था और अब वे लीग में दूसरी जीत हासिल करना चाहेंगे। हालांकि, हैदराबाद की बैटिंग के लिए अनुकूल पिच और घरेलू दर्शकों का जोरदार समर्थन शुक्रवार के इस मुकाबले को एक और हाई-स्कोरिग रोमांचक मैच बना सकता है।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

**डर्बी, वार्ता।** एलिस कैप्सी (नाबाद 74) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 16 गेंदें शो रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। सोफिया डंकले (आठ) रन बनाकर आउट हुए। छठें ओवर में ब्री इलिंग ने मैया बाउचियर (पांच) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हीथर नाइट ने एलिस कैप्सी के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिए 43 रन जोड़े। 12वें ओवरम में ब्री इलिंग ने हीथर नाइट (19) को आउट किया।

## खेल विशेष

### डेव कजिन्स भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक्स को ध्यान में रखते हुए, भारतीय तीरंदाजी संघ ने गुरुवार को अमेरिका के पूर्व विश्व चैंपियन डेव कजिन्स को मुख्य कंपाउंड तीरंदाजी कोच नियुक्त किया। कंपाउंड तीरंदाजी लॉस एंजेलिस 2028 में अपना डेब्यू करेगी, जहां पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा आयोजित की जाएगी। डेव कजिन्स इतिहास के सबसे सम्मानित कंपाउंड तीरंदाजों में से एक हैं और एकमात्र ऐसे तीरंदाज हैं जिन्होंने हर बड़ी वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप स्पर्धा जीती है, जिसमें आउटडोर, इनडोर, फील्ड, 3डी और वर्ल्ड गेम्स शामिल हैं। कजिन्स अगले महीने तुर्की के अंताल्या में होने वाले वर्ल्ड कप स्टेज 3 से दो हफ्ते पहले भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल होंगे। यह 49 वर्षीय कजिन्स के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय कोचिग असाइनमेंट होगाद्ध उन्होंने एक कंपाउंड तीरंदाज के तौर पर दो दशकों से भी ज्यादा समय तक प्रतिस्पर्धी करियर का आनंद लिया है।

### वर्ल्ड कप से पहले नेमार को फिर चोट लगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील के पहले मैच से एक महीने से भी कम समय पहले, नेमार को फिर से चोट लगने का खतरा पैदा हो गया है। 34 साल के सैंटोस के स्टार खिलाड़ी ने बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम का घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच नहीं खेला, क्योंकि उन्हें पिडली में चोट लगी थी। हालांकि, ब्राजीलियाई क्लब ने यह कहकर चिंताओं को दूर करने की कोशिश की कि चोट गंभीर नहीं है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने कहा कि यह फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राजील के वर्ल्ड कप से पहले होने वाले पहले ट्रेनिग सेशन के लिए तैयार हो जाएगा।

### श्रीलंका ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय शामिल

**मुंबई, वार्ता।** पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में होने वाली आगामी ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय को शामिल किया है। उन्होंने हर्ा दुबे की जगह ली है, जिन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीमों में पहली बार बुलाया गया है। इस ट्राई-सीरीज में श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी, और यह 9 जून से 21 जून, 2026 तक दाम्बुला में खेली जाएगी। ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए की अपडेटेड टीम: तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयुा बडोनी, निशांत सिधु, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान, अनुकूल रॉय।

# अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**भोपाल, वार्ता।** भारतीय अंडर 18 महिला हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश के उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में खेली जा रही सीरीज के चौथे और फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर18 महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही बढ़त बना ली, जब ऑरोरा कोवासेविच (8) ने गोल करके मेहमान टीम को आगे कर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया और बुधवार रात पहले क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले कप्तान स्वीटी कुजूर (13) ने बराबरी का गोल दाग दिया। मेजबान टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और बढ़त बना ली, जब दिया (25) ने गोल करके हाफटाइम तक भारत



को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज (44) के गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा दी। इसके बाद नौशीन नाज (50) ने फाइनल क्वार्टर में एक और गोल करके मेजबान टीम की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। यह जीत भारतीय टीम के लिए एक कड़े मुकाबले वाली सीरीज का शानदार अंत साबित हुई, जिससे टीम को इस महीने के आखिर में जापान में शुरू होने वाले अंडर 18 एशिया कप के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिला।

# हार्दिक पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना



**कोलकाता, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

यह कार्रवाई बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मैच नंबर 65 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। हार्दिक पंड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग्स का गलत इस्तेमाल से संबंधित है। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप की ओर वापस जाते समय, विकेट की बेल्स को जोर से मार दिया था। हार्दिक पंड्या ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा उन पर लगाए गए।

## मैं या तिलक थोड़ा और टिकते तो नतीजा अलग हो सकता था: हार्दिक पांड्या

**कोलकाता, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह या तिलक वर्मा थोड़ी और देर टिक कर खेलते तो मैच का नतीजा अलग हो सकता था। हार्दिक ने बधुवार रात इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली चार विकेट से हार के बाद कहा, हम 20 रन पीछे रह गए। पावरप्ले में हमने काफी विकेट गंवा दिए। अगर तिलक या मैं थोड़ा और देर तक बल्लेबाजी करते और एक दो साझेदारियां और बन जातीं, तो वे 15-20 रन हमें अच्छा मौका दे सकते थे। कोलकाता की पिच बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं थी। केकेआर के रोवमैन पॉवेल ने इसे टिपिकल कैरेबियाई विकेट बताया, जहां गेंद रुककर आ रही थी। मैच की 38-5 ओवर की बल्लेबाजी में सिर्फ 295 रन बने और 14 विकेट गिरे। यह आईपीएल जैसी सामान्य पिच नहीं थी, लेकिन हार्दिक को ऐसी सतह पसंद आई। हार्दिक ने कहा, मुझे ऐसी विकेटों पर खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, जहां गेंदबाजो को भी कुछ मदद मिले।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के पर्थ दौरे के लिए रवाना हो गई। टीम 26, 27, 29 और 30 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगी। यह दौरा कई प्रतिस्पर्धी मैचों का अवसर प्रदान करेगा, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम को दुनिया की सर्वश्रेठ टीमों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के समापन के बाद, टीम एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड के ऑकलैंड जाएगी, जो 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाला है। दौरे से पहले बेंगलुरु



में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में कड़े अभ्यास से गुजरने के बाद, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी मैच एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान ने कहा, पूरी टीम इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना, खासकर उनके घरेलू मैदान पर, हमेशा एक कठिन चुनौती होती है, और हमारी तैयारियों के इस चरण में हमें ठीक इसी तरह की चुनौती की जरूरत है, क्योंकि इस साल के अंत में महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट आने वाले हैं।

उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमारा एक जोरदार प्रशिक्षण शिविर चला, जिसके दौरान हमने अपनी फिटनेस, तालमेल और रणनीतिक बनावट पर कड़ी मेहनत की। मुझे लगता है कि टीम ने बहुत अच्छा तालमेल बिठा लिया है, और पर्थ में होने वाले मैच हमें दुनिया की सर्वश्रेठ टीमों में से एक के खिलाफ अपनी मेहनत को आजमाने का मौका देंगे।

# मेरी प्राथमिकता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट है: पैट

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैट कमिंस ने स्पट कहा है कि कम से कम अगले कुछ वर्ों तक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यह बयान उस चर्चा के बीच आया है, जिसमें कहा जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कुछ बड़े खिलाड़ी आईपीएल से आगे बढ़कर अन्य फेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए राट्रीय टीम से दूरी बना सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस पहले ही पाकिस्तान और बांग्लादेश के आगामी दौरों से बाहर रहने वाले हैं, क्योंकि उन्हें आईपीएल प्लेऑफ में हिस्सा लेना है। उन्हें अगस्त 2026 से अगस्त 2027 के बीच होने वाले 20 (संभवत: 21) टेस्ट मैचों से पहले आराम की भी जरूरत है। इसमें भारत में



होने वाला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में होने वाला एशेज भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े खिलाड़ियों की अंतर्राट्रीय क्रिकेट और बीबीएल दोनों के प्रति प्रतिबद्धता हाल के दिनों में चर्चा का विाय रही है। पांच वरिठ खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट प्रस्तावों से खुश नहीं थे। कमिंस भी मार्च में चर्चा के केंद्र में आ गए थे, जब उन्होंने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर खिलाड़ियों के बीच एक तनाव का बिदु होने की बात कही थी।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महानगर के सफाई कर्मचारियों और निगम अधिकारियों के बीच हुई विस्तृत वार्ता में सभी विषयों का समाधान हो जाने के बाद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गयी है। वार्ता के दौरान कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देते हुए कहा गया कि निगम द्वारा भविष्य में लिए जाने वाले निणर्यो में कर्मचारी हितों का ध्यान रखा जायेगा।

नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि निगम और सफाई कर्मचारियों के बीच बुधवार की देर शाम हुई वार्ता में परस्पर समन्वय बनाते हुए निगम और कर्मचारी हितों में निर्णय लिया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निगम द्वारा लागू की जाने वाली समग्र सफाई व्यवस्था को स्थगित कर पुरानी व्यवस्था को बहाल रखा गया है तथा हड़ताल समाप्त होने के बाद अब सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है।

## रूही अंजुम ने आंदोलनकारियों को बांटे फल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता रूही अंजुम आज एक बार फिर नगर निगम पहुंची। जहां उन्होंने धरना दे रहे कर्मचारियों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने धरना दे रहे कर्मचारियों को फल भी वितरित किए और उनका मनोबल बढ़ाया।

रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी कर्मचारियों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और उनकी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी सफाई कर्मचारियों की लड़ाई विधानसभा से लेकर सड़क तक लड़ने का काम करेगी। जब तक सरकार सफाई कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं करती, हम उनके लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने



दो टूक कहा कि हम सफाई कर्मचारी के साथ हैं और निजीकरण हम होने नहीं देंगे। सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ेगा। रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर गरीब आदमी की आवाज उठाने का काम करती है।

# विधायक आशु ने उठाए जनहित के मुद्दे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति एवं सिंचाई विभाग की बैठक में देहात विधायक आशु मलिक ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

लखनऊ स्थित विधान भवन में आयोजित बैठअक में देहात विधायक आशु मलिक ने होजखेड़ी माइनर की पटरी किनारे थरोली राजबाहे से आदमपुर जाने वाले लगभग दो किलोमीटर लंबे जर्जर मार्ग के निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि यह मार्ग दमकड़ी, दाबकी गुर्जर, होजखेड़ी, भाजूपुर एवं आदमपुर समेत कई गांवों का मुख्य संपर्क मार्ग है, जिससे किसान अपनी फसल एवं कृषि उपज लेकर आवागमन करते हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा विधायक ने ग्राम मलाहेड़ी क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए बने इनलेट के क्षतिग्रस्त होने का मामला भी समिति के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण पूर्वी यमुना नहर की पटरी और इनलेट टूट गए थे, जिससे गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। खेतों में पानी भरने से किसानों की फसलें खराब हो रही हैं तथा ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। विधायक ने जनहित में इनलेट निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की। बैठक में विधायक आशु मलिक ने ग्राम नलहेड़ा गाजी एवं ग्राम चंदेली में सरकारी नलकूप/ट्यूबवेल स्थापित कराने का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि इन गांवों में सिंचाई के लिए पानी की भारी समस्या बनी हुई है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों को राहत प्रदान करने एवं सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सरकारी ट्यूबवेल लगाए जाना अत्यंत आवश्यक है।

विधायक आशु मलिक ने कहा कि जनता की समस्याओं को सदन और शासन स्तर पर मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, किसानों की समस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। वहीं बैठक में मौजूद अधिकारियों ने जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

# स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को दी नई दिशा: मयंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की 35वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन करने के लिए सभी कांग्रेस के नेता एकत्रित हुए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महासचिव महानगर कांग्रेस कमेटी मयंक शर्मा भारतीय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा केवल एक नेता नहीं थे,बल्कि आधुनिक भारत के सपनों को नई दिशा देने वाले दूरदर्शी व्यक्तित्व थे। उन्होंने उस समय भारत को तकनीक, कंप्यूटर और दूरसंचार की और आगे बढ़ाने का साहसिक निर्णय लिया,जब लोग इन चीजों की कल्पना भी नहीं करते थे।



आज देश जिस डिजिटल भारत की और बढ़ रहा है,उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी ने ही रखी थी। उन्होंने युवाओं को राजनीति और देश निर्माण से जोड़ने का कार्य किया। उन्होने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गाँव के अंतिम व्यक्ति तक लोकतंत्र की ताकत पहुँचाने का काम किया। उनका मानना था कि भारत की असली शक्ति गाँवों, किसानों, नौजवानों और आम जनता में बसती है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का व्यक्तित्व बहुत सरल, सौम्य और आधुनिक सोच वाला था। वे हमेशा देश को एकता, भाईचारे और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाना चाहते थे। उन्होंने देश की युवा शक्ति पर विश्वास किया और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए।

अंत में कांग्रेस नेता मयंक शर्मा भारतीय ने कहा राजीव गांधी उन्हीं महान नेताओं में से एक थे।

## बेहतर कानून व्यवस्था प्राथमिकता: ज्ञानेश्वर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** नवांगतुक थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोद्ध ने थाने कि कमान संभालते हुए कहा कि अपराध पर अंकुश, बेहतर कानून व्यवस्था मेरी प्राथमिकता रहेगी।

नानौता थाने की नव नियुक्त थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोद्ध ने गुरुवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। नवनियुक्त थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोद्ध ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# अंतिम वर्ष के छात्र, छात्राओं को भव्य विदाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति अकादमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष, कुलपति प्रोफेसर डॉ. मंजू गुप्ता एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए अंतिम वर्ष के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अपने प्रेरणादायी विचार साझा कर उन्हें आगे बढने के लिये प्रेरित किया।

समारोह के दौरान छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें नृत्य एवं गायन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों को उपहार भी प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन, चीफ प्रॉक्टर, डी.एस.डब्लू सहित सभी संकाय सदस्यों एवं छात्र छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खनन से भरा ओवरलोड डम्पर सीज



**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में औचक चेकिंग के दौरान ओवरलोड उपखनिज का परिवहन करते हुए एक डम्पर को रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसे पुलिस ने तत्काल आवश्यक दस्तावेजों की कमी और ओवरलोडिंग के चलते मौके पर ही सीज कर थाना स्थानीय पर दाखिल कर दिया है और इस पूरी सफलता को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार राणा के कुशल नेतृत्व वाली टीम ने अंजाम दिया है, जिसमें उनके साथ खनन निरीक्षक/संग्रह अमीन अभिलाष चौबे, हैड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद और हैड कांस्टेबल प्रशांत कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

# अधिकारी डैशबोर्ड की महत्ता को समझें: डीएम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि डैशबोर्ड की महत्ता समझते हुए अधिकारी किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें तथा समय से फोर्टल स्वयं सही फीडिंग कराने का काम करें।

जिलाधिकारी श्री चौहान आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों, सीएमआईएस एवं आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग वाली योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, पंचायती राज में 15वां वित्त एवं व्यक्तिगत शौचालय, पशुधन विभाग, आईसीडीएस, लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होने सभी संबंधित अधिकारियों को अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्री चौहान ने फैमिली आई.डी. में नगरीय क्षेत्रों में खराब प्रगति पर अधिशासी अधिकारियों को वेतन रोकने के साथ ही प्रतिकूल प्रविष्टि तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के वेतन रो. कने के निर्देश दिए। पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में खराब रैंकिंग पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग में 15 वें वित्त एवं व्यक्तिगत शौचालय में खराब रैंकिंग पर, पोषण अभियान में जिला कार्यक्रम अधिकारी को, जननी सुरक्षा योजना में खराब रैंकिंग पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को कार्यों में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर एबीएसए मुजफ्फराबाद तथा खंड विकास अधिकारी नकुड द्वारा असंतोषजनक फीडबैक पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें अन्यथा कड़ी कारवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला गन्ना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैकिंग के लिए प्रयास करें तथा जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं पोर्टल को देखें एवं केपीआई (मुख्य प्रदर्शन संकेतक) पर दृष्टि रखें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग वाले विभाग निरंतर समीक्षा कर कार्यों का फालोअप करें तथा रैकिंग गिराने वाले कारणों को देखने तथा सुधार करने के निर्देश दिए। सीएमआईएस पोर्टल पर संबंधित विभाग द्वारा लम्बित योजनाओं एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं करने एवं पोर्टल पर समय से सही फीडिंग नहीं करने पर कड़ा रूख अपनाते हुए संबंधित अधिकारी का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## प्रधान पिंकी ने औद्योगिक गलियारे को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** ग्राम पंचायत कपासी की प्रधान श्रीमती पिंकी ने एडीएमएफ को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि एक्सप्रेसवे कपासी एवं अन्य के समीप जनपद में औद्योगिक गलियारा विकसित करने हेतु किसानों की बेशकीमती उपजाऊ कृषि भूमि करीब एक हजार हेक्टेयर को चिन्हित कर अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। ज्ञापन में कहा गया कि गांव की आबादी से औद्योगिक गलियारे का दायरा करीब 500 मीटर अनिवार्य होना चाहिये। बनने वाले औद्योगिक गलियारे के चारो ओर गुजरते हुए करीब 200 मीटर चौडाई तक प्राकृतिक वृक्षों का घने रूप से पौधारोपण अनिवार्य कराया जाये, ताकि आमजन के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे। साथ ही औद्योगिक गलियारे में जिस किसान की कृषि भूमि अधिग्रहण की जायेगी उस किसान के घर से एक सदस्य को औद्योगिक गलियारे में रोजगार दिया जाये। प्रधान ने ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत में जो सरकारी अतिरिक्त भूमि है उसे चिन्हित कर ग्राम पंचायत को सौंपा जाये। इसके अलावा भूमि का मुआवजा चार से बढाकर आठ गुणा किया जाये।

## 138 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जनपद में चल रहे स्कूल चलो अभियान की समीक्षा बैठक में कई परिषदीय विद्यालयों में छात्र नामांकन बेहद कम पाए जाने पर शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। जिले के 138 ऐसे विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां छात्र संख्या पांच से भी कम है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय में स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को विद्यालय से जोड़ना शासन की प्राथमिकता है और नामांकन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि प्रगति संतोषजनक न मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आवश्यकता अनुसार सीमित रूप से करें बिजली का इस्तेमाल: वर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के कारण विद्युत मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। बढ़े हुए विद्युत भार के चलते बिजली व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है, जिससे कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है।

अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल के आर.एस वर्मा द्वारा समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपने घरों,कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में बिजली उपकरणों का उपयोग आवश्यकता अनुसार एवं सीमित रूप से करें। विशेष रूप से पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर का प्रयोग संयमित तरीके से किया जाए तथा एसी का तापमान भी 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रखा जाए। उन्होंने अनावश्यक रूप से चल रहे विद्युत उपकरणों एवं लाइटों को तुरंत बंद रखने की भी अपील की। कहा कि बिजली की बचत न केवल विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहायक होगी,बल्कि ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से राष्ट्रहित में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी,अधीक्षण अभियंता ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं के सहयोग से ही निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से जिम्मेदारीपूर्वक बिजली उपयोग करते हुए ऊर्जा संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।

# कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी को अर्पित किए श्रद्धासुमन





शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

जिला कांग्रेस मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने राजीव जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें देश में सूचना प्रौद्योगिकी का जनक बताया। उन्होंने कहा कि राजीव जी युवाओं में देश के भविष्य को देखा और अपनी इसी दूरदर्शिता के चलते उन्होंने देश के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार का अधिकार प्रदान किया।

अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पाल. ीवाल ने राजीव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महात्मा गांधीं जी के अहिंसा के पथ का अनुसरण वाला एक महान शांतिद. ूत बताया। जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा ने कहा कि राजीव ने असम, मिजोरम, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग आदि क्षेत्रों में हिंसा का तांडव मचाने वाले विभिन्न संगठनों के साथ शांति समझौते करके देश में आतंकवाद पर लगाम लगाने का काम किया। सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने पंजाब में शांति स्थापना हेतु राजीव-लोंगोवाल समझौते को राजीव सरकार की एक इतिहास उपलब्धि बताते हुए कहा कि इसी की बदौलत पंजाब में आतंकवाद का अंत हुआ और पंजाब एक बार पुन: पंजाब विकास के रास्ते पर अग्रसर हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी शौकत हुसैन, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, आरिफ खान, वरुण शर्मा, अक्षय कुमार चौधरी, सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी, अनुसूि. चत जाति विभाग जिला अध्यक्ष मुनेश सहगल, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला सचिव कुणाल शांडिल्य, अमरदीप जैन, मनोज आर्य, रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष बिट्टू चौधरी, सरसावा ब्लॉक अध्यक्ष गालिब चौधरी, प्रभजीत सिंह, अमरदीप जैन, चौधरी गालिब, नसीब खान, अमन कुमार, असगर आलम, रमेश कुमार, साजिद अली, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी जी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास और युवाओं को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कंप्यूटर क्रांति, दूरसंचार व्यवस्था और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके कारण आज भारत विश्व स्तर पर नई पहचान बना पाया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना एक मजबूत, शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत का था तथा कांग्रेस पार्टी आज भी उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने भी सभा को संबोधित किया। सुरेंद्र कपिल ने कहा कि राजीव गांधी की नीतियां आज भी देश के विकास की आधारशिला हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला सेवादल अध्यक्ष इमरान कुरेशी ने भी अपने विचार सभा में रखें।

इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी हरिओम मिश्रा, अमरदीप जैन, इकराम खान, नीरज कपिल,पीसीसी सदस्य धर्मपाल जोशी, महानगर महासचिव मयंक शर्मा महानगर सेवादल अध्यक्ष अनुज शर्मा, अक्षय चौधरी, मनोज शर्मा नगर सचिव विपिन शर्मा, अमित राठौर, बरकत अंसारी, पंकज सैनी युनुस अंसारी रवि कुमार आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# वेतन न मिलने के विरोध में संविदा कर्मियों का धरना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान वेतन नहीं तो काम नहीं और समान काम समान वेतन जैसे नारे लगाए गए।

बड़ी संख्या में स्टाफ नर्स, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य संविदा कर्मचारी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारी पिछले कई महीनों से वेतन न मिलने से नाराज थे। धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. किशोर सैनी ने बताया कि पिछले तीन महीनों से किसी भी एनएचएम कर्मी को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने 18, 19 और 20 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई समाधान नहीं निकला। अब चौथा महीना शुरू हो चुका है, जिससे कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। डॉ. सैनी ने आगे कहा कि संविदा कर्मचारियों को पहले ही कम वेतन मिलता है, और महीनों तक भुगतान न होने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बच्चों की फीस रुकने और राशन के संकट जैसी समस्याओं का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थायी और संविदा कर्मचारियों के वेतन में भारी अंतर है,जबकि काम लगभग समान कराया जाता है। डॉ. सैनी ने चेतावनी दी कि जब तक वेतन जारी नहीं होगा,तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। नेहा साहू ने कहा कि कर्मचारियों को एक महीने दिन और एक महीने रात की ड्यूटी करनी पड़ती है,लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया जाता। उन्होंने समान काम समान वेतन की मांग को दोहराते हुए कहा कि जब तक समय पर वेतन और अधिकार नहीं मिलेंगे, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान विपिन सैनी, वैभाव, आदेश, डा.जगदीश, मंसूर, सचिन कांबोज, नरेन्द्र चौधरी, अभिषेक चौधरी, अर्चना रावत, रीना रावत, शशी, अफजल, प्रीति, मीना, विपिन कश्यप, सरिता फरमान, रीना आदि उपस्थित रहे।

# आपसी सहयोग की जरूरत

देश में यह क्या हो रहा है, एक तरफ देश में आर्थिक मंदी की आशंका जताई जा रही है, और लोगों को सतर्क रहने को कहा जा रहा है। वहीं हमारे राजनेता अपनी भाषा को लेकर ही संयमित दिखाई नहीं दे रहे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह व आरएसएस जैसे संगठन पर न सिर्फ सीधे हमला बोला, बल्कि भाजपा की सारी सीमाएं लांघ गए। बुधवार को रायबरेली में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा में पीएम मोदी व अमित शाह को सीधे गद्दार कह डाला। आरएसएस को भी नहीं बख्शा। राहुल गांधी कह रहे थे कि पीएम मोदी ने हिन्दुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेच दिया, उन्होंने अडानी, अम्बानी को और अमेरिका को हिन्दुस्तान का आर्थिक सिस्टम पकड़ा दिया। पीएम के लिए जिस तरह की भाषा का उन्होंने इस्तेमाल किया, उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि पश्चिमी एशिया का संकट विश्व के देशों के साथ-साथ भारत पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। विदेशी धरती से पीएम मोदी देशवासियों का इस ओर ध्यान दिला चुके हैं और कह चुके हैं कि आने वाला समय बेहद संकट भरा हो सकता है। यही बात राहुल गांधी भी कह रहे हैं। बल्कि दो कदम आगे जाकर, रायबरेली में उन्होंने कहा कि देश में ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो अब तक देशवासियों ने कभी नहीं देखा होगा और इस तूफान के लिए पश्चिम एशिया संकट से ज्यादा केंद्र में बैठी मोदी सरकार की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एक बात साफ है कि वास्तव में देश में इस समय बड़ा संकट है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के संकट से निपटने के लिए देश का एकजुट होना जरूरी है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सत्तापक्ष व विपक्ष इस संबंध में विचार-विमर्श कर आगे बढ़ते, लेकिन हो क्या रहा है, सत्ता पक्ष अपनी ही भाषा बोल रहा है, तो विपक्ष उससे बिल्कुल विपरीत दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, किसी बड़े संकट से इस तरह नहीं निपटा जाता और इससे जनता के बीच भ्रम की स्थिति बनती है और एक अंदेखा डर उस पर हावी होने लगता है, जो होता भी दिखाई दे रहा है। हर कोई सोच रहा है कि आखिर आने वाला वक्त कैसा होगा। जोकि स्वाभाविक भी है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि इस तरह के वातावरण के लिए मोदी सरकार ही जिम्मेदार है। अबकी ही बात नहीं बल्कि दस-बारह साल में जिस तरह उसका काम करने का तरीका है, उसे लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। भले ही वह सबको साथ लेकर चलने की बात करती हो, लेकिन उसके क्रियाकलापों से ऐसा नहीं लगा कि वह विपक्ष को साथ लेकर चलना चाहती है। आर्थिक संकट का मामला कोई राजनी. तिक नहीं है और न ही वोटों के ध्रुवीकरण का मामला है। यह सीधे हमारे देश के भविष्य से जुड़ा है और बेहतर तरीका यही है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष टकराने के बजाए एक-दूसरे का सहयोग करें।

# एक जाल जिससे मुक्ति आवश्यक है

## वर्तमान शिक्षा प्रणाली



**रजनीश कपूर**

सभी जानते हैं कि शिक्षा को ज्ञान का दीपक माना जाता है। लेकिन आज के युग में वास्तविकता यह है कि हमारी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था एक ऐसा जाल बन गई है जिसमें लाखों-करोड़ों युवा फंस रहे हैं। यह प्रणाली न तो सच्चे कौशल विकसित करती है और न ही नवाचार को प्रोत्साहित करती है। बल्कि यह छात्रों को एक सांचे में ढालकर औसत जीवन की ओर धकेल रही है। बदलाव की मांग अब न केवल जरूरी बल्कि अनिवार्य बन चुकी है। तो ऐसा क्या किया जाए कि देश की युवा पीढ़ी शिक्षित भी बनें और अपने पसंद के क्षेत्र में निपुण भी बनें।

सफल उद्यमियों की कहानियां गवाह हैं कि बड़ी कंपनियों के संस्थापकों ने अक्सर पारंपरिक शिक्षा के इस जाल से खुद को बचाया। उनकी सफलता का राज रट्टा मारने या परीक्षा में अंक लाने में नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच, जोखिम लेने की क्षमता और निरंतर सीखने में छिपा है। इसके विपरीत, हमारी शिक्षा प्रणाली अमीर और गरीब के बीच खाई को और चौड़ा कर रही है। अमीर बच्चे बेहतर संसाधनों और अतिरिक्त कोचिंग के साथ आगे बढ़ते हैं, जबकि गरीब परिवार के बच्चे सीमित अवसरों में संघर्ष करते रह जाते हैं। शिक्षा की इस व्यवस्था में रचनात्मकता को कुचला जा रहा है। उदाहरण के लिए अधिकतर कक्षाओं में बच्चों को सरल .श्य बनाने या मानकीकृत उत्तर लिखने को कहा जाता है, न कि स्वतंत्र सोच विकसित करने को। परिणामस्वरूप, वे किसी बड़े कारखाने की असेंबली लाइन से निकलने वाले उत्पादों की तरह एक जैसे बन जाते हैं। 'तारे जमीन पर' और 'थ्री इडियट्स' जैसी फिल्में भले ही सफलता से बेहतर उत्कृष्टता का संदेश देती हों, लेकिन समाज और परिवार अभी भी प्रतिशत और रैंकिंग की दौड़ में बच्चों को धकेल रहे हैं। ऐसे में जीवन को 'दौड़' बताकर तनाव बढ़ाया जा रहा है, जबकि वास्तव में हर बच्चे की अपनी गति और प्रतिभा होती है, जिस पर कोई ध्यान ही नहीं देता। तकनीकी प्रगति की तुलना करें तो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और एआई जैसे क्षेत्रों में दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन कुछ अपवादों को छोड़ कर कक्षाएं अभी भी सौ साल पुरानी शैली में चल रही हैं। बोर्ड, चॉक और रट्टा-आधारित पढ़ाई छात्रों को भविष्य के लिए तैयार नहीं कर पा रही। अल्बर्ट आइंस्टीन का प्रसिद्ध उदाहरण यहां पूरी तरह लागू होता है, मछली को पेड़ पर चढ़ने की परीक्षा देकर उसकी बुद्धिमत्ता का आकलन करना अन्याय है। हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग क्षेत्र में होती है, लेकिन एक आकार-एक फिट वाली प्रणाली इसे नजरअंदाज कर देती है। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था की जड़ें ब्रिटिश काल से जुड़ी हैं, जब 1835 में एक नीति बनाई गई जिसका उद्देश्य सच्चा सशक्तिकरण नहीं बल्कि आज्ञाकारी नागरिक तैयार करना था। आज भी स्कूल और कॉलेज उन पूर्वनिर्धारित भूमिकाओं के लिए ग्रेजुएट तैयार कर रहे हैं, न कि नवप्रवर्तक या नेता। ग्रेडिंग सिस्टम बुद्धिमत्ता को केवल परीक्षा अंकों तक सीमित कर देता है, जबकि संचार, समझौता कौशल और समस्या-समाधान जैसे जीवन-महत्वपूर्ण गुणों की उपेक्षा की जाती है। ऐसे में इन सब के परिणाम भयावह हैं। स्नातकों में से आधे से अधिक नौकरी के योग्य नहीं पाए जाते। कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश के बाद संचार की कमी, सकारात्मक दृष्टिकोण की कमी और निरंतर सीखने की इच्छा की कमी उजागर हो जाती है। जर्मनी जैसी देशों में दोहरी शिक्षा प्रणाली है, जहां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव जुड़ा होता है, लेकिन हमारे यहां छात्र स्नातक होने तक केवल किताबी ज्ञान पर ही निर्भर रहते हैं। नतीजारू अच्छे अंक लाने वाले छात्र भी बेरा. `जगारी का शिकार हो जाते हैं। आपको याद होगा जब 2025 में राजस्थान के चपरासीध्चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 53,000 पदों की भर्ती के लिए करीब 25 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत उम्मीदवार उच्च शिक्षित (ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट, बीटेक और पीएचडी) थे। इस जाल का सबसे दर्दनाक पहलू मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव है। नौकरी न मिलने की निराशा से हर साल हजारों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं या गुनाह का रास्ता अपना लेते हैं। आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिला पाने की होड़ में व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को नजरअंदाज किया जाता है, जिससे जलन और हताशा बढ़ती है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि, शिक्षा डिग्री-केंद्रित हो गई है, कौशल-केंद्रित नहीं। इसलिए समय आ गया है कि हम डिग्री से कौशल की ओर मुड़ें। रट्टा मारने की बजाय अवधारणात्मक समझ, व्यावहारिक उदाहरण और समस्या-समाधान पर जोर दिया जाए। वित्तीय शिक्षा अनिवार्य हो। बच्चों को एसेट-लायबिलिटी का अंतर, मुद्रास्फीति से लड़ना, निवेश बनाम खर्च और जल्दी बचत करने का महत्व सिखाया जाए। स्कूलों में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग और आर्थिक मामलों जैसे भविष्योन्मुखी विषयों को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही बिजनेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएं ताकि बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरियां पैदा करने वाले बनें। जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने के लिए गणना-आधारित प्रयोगों को प्रोत्साहन मिले। हमारे शिक्षक इस व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनका नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों से लैस होना और प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन जरूरी है। प्रेरित शिक्षक सैकड़ों जीवन बदल सकते हैं। आज के भाग-दौड़ भरे युग में मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल भी शिक्षा का हिस्सा बनें। बच्चे एक ओर गणित सीखते हैं, लेकिन तनाव प्रबंधन नहीं। समय प्रबंधन, नागरि. कता भावना, संचार कौशल सातवीं कक्षा से अनिवार्य हों। संचार की मजबूती ही समाज में सम्मान या अपमान तय करती है।शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच विक. सित करना होना चाहिए। प्राचीन भारतीय गुरुकुल प्रणाली में हर छात्र की व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार शिक्षा दी जाती थी।

## श्रीमुख से...

### घुसपैठियों का समर्थन गद्दारी



एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी अपने शब्दों और भाषणों के जरिये बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं, भारत की जनता उन्हें बार-बार नकार रही है और वह एक के बाद एक चुनाव हार रहे हैं, इसकी वजह से जो हताशा और एक तरह की कुंठा उनमें पैदा हुई है, वह उनके व्यवहार में साफ झलकती है, वह जिस तरह से अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं, वह निंदनीय है, जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वह गद्दारी है।

**-पीयूष गोयल**
**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# इबोला का डर : नजर रखें और सतर्क रहें

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने असाधारण तत्परता दिखाते हुए मध्य अफ्रीका में इबोला के प्रकोप को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चिंता वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया। यहां तक घ्घ्कि उसने परंपरा के मुताबिक विशेषज्ञ पैनलिस्टों की आपातकालीन समिति की सलाह का इंतजार भी नहीं किया। इसके बावजूद, दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा त्वरित कार्रवाई के लिए डब्ल्यूएचओ को सराहा गया है। इसकी वजह यह है कि इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार वर्तमान स्ट्रेन – असामान्य बंडीबुग्यो स्ट्रेन – से पैदा होने वाली कई अनिश्चितताएं हैं। इस स्ट्रेन ने अतीत में कम प्रकोप पैदा किए हैं और टीकों (जो आम जैरे स्ट्रेन के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हैं) तथा अन्य उपचारों जैसे आमतौर पर प्रभावी उपायों की प्रभावकारिता का वर्तमान में बंडीबुग्यो के साथ परीक्षण नहीं किया गया है। पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और युगांडा में इबोला के नए प्रकोप की सूचना मिली है।

ऐसा कहा जाता है कि यह बीमारी छोटी है और दोनों देशों के बीच एक सीमित सीमावर्ती क्षेत्र तक ही सीमित है, लेकिन अभी भी इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि इस क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और विस्थापन के चलते मामले अनदेखे रह सकते हैं, जिससे यह फैल सकती है और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बाधित हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 16 मई, 2026 तक, डीआरसी के इटुरी प्रांत में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए आठ मामले, 246 संदिग्ध मामले और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। युगांडा के कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए दो मामले (जिनमें एक मौत भी शामिल है) सामने आए हैं, जिनका आपस में कोई स्पष्ट संबंध नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने कई कारकों -प्रारंभिक नमूनों की उच्च सकारात्मकता दर 13 नमूनों में से आठ सकारात्मक कंपाला में मामलों की पुष्टि संदिग्ध मामलों की सिंड्रोमिक रिपोर्टिंग में बढ़ते रुझान और इटुरी प्रांत में मौतों के समूह को सूचीबद्ध किया है, जो संभावित रूप से पता लगाए जा रहे प्रकोप से कहीं ज्यादा बड़े प्रकोप की ओर इशारा करते हैं।






बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे

बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे और 11,325 मौतें हुई थीं। डब्ल्यूएचओ ने शुरू में ही उच्चतम स्तर की वैश्विक चेतावनी जारी करके इस संकट से निपटने में दुनिया से सहयोग का आह्वान किया है। इस चरण में प्रकोप नियंत्रण गतिविधियों में अनिवार्य रूप से रोगी और संपर्क का कारगर तरीके से पता लगाना, प्रत्येक रोगी के लिए गहन सहायता, सुरक्षित एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार, टीकाकरण (अगर वे कारगर हों) और आम जनता के बीच इस बीमारी के बारे में जानकारी फैलाने के लिए सामाजिक लामबंदी शामिल होनी चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विवधता दिवस पर विशेष



**योगेश कुमार गोयल**

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव-जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव-जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंत. ुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना', जो इस तथ्य को उजागर करता है कि पृथ्वी को बचाने की शुरुआत छोटे-छोटे स्थानीय प्रयासों से ही होती है। अमे. रिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकर्ताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्एक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकर्ताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकर्ताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित 'स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर' के मुता. बिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ए जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' आइयूसीएन एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था।





नई दिल्ली। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) द्वारा वाणिज्यिक वाहनों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर बढ़ाने के फैसले के विरोध में बुलाई गई तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान कतार में खड़े ऑटो-रिक्शा।

## हिजबुल्ला ने इजरायली सेना पर 24 हमलों का किया दावा

**बेरूत।** हिज्जबुल्ला ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 24 सैन्य अभियान चलाए हैं। ये हमले रॉकेट, तोपखाने और ड्रोन के जरिए इजरायली सैनिकों के जमावड़े और सैन्य वाहनों को निशाना बनाकर किए गए। समूह ने एक बयान में कहा कि 20 मई, को इस्लामिक रेजिस्टेंस ने दुश्मन इजरायली सेना के खिलाफ 24 लड़ाकू ऑपरेशन किए। हिज्जबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अवीविम, रमीम, रामोट नफताली और माले गोलानी जैसे इलाकों में इजरायली सैनिकों के ठिकानों और सैन्य जमावड़े को निशाना बनाया। इसके साथ ही लेबनानी सीमा पर कई बस्तियों को भी निशाना बनाया गया है। समूह ने कहा कि हमलों में ड्रोन, रॉकेट और आर्टिलरी फायर शामिल थे।

# ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में मतभेद उजागर

## अमेरिकी प्रशासन डील चाहता है, इजरायल बोलाः हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया, तो गलती होगी

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

ट्रम्प ने नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था, लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया। ज्ञात रहे कि अमेरिकी सीनेट में ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव 50.47 से पास हुआ। पार रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रम्प के खिलाफ वोट दिया, अगर कानून बना तो ईरान के खिलाफ जंग जारी रखने के लिए ट्रम्प को कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। वहीं ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब सवाल सिर्फ यह है कि अमेरिका आगे पूरी कार्रवाई करेगा या ईरान समझौता करेगा। पिछले 24 घंटे में 26 जहाज ईरानी मंजूरी के बाद होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इनमें तेल टैंकर और कामर्शियल जहाज शामिल थे। बताते चलें कि ईरान में इंटरनेट शटडाउन को आज 83 दिन हो गए हैं। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लाक्स के मुताबिक देश में अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क करीब 1968 घंटे से ज्यादा समय से बड़े पैमाने पर बंद हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान सरकार ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही देशभर में इंटरनेट पाबंदियां लगा दी थीं। इससे पहले जनवरी में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान भी करीब 20 दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बाधित रही थीं। इसी बीच रूस ने कहा है कि ईरान संकट का हल सिर्फ डिप्लोमेसी और बातचीत के जरिए ही संभव है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि ईरान के हितों का सम्मान किया जाना जरूरी है। जखारोवा ने कहा कि रूस, ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत के जरिए जो भी समझौता होगा, उसे लागू कराने में मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी साफ कहा कि ईरान के यूरेनियम भंडार का भविष्य तय करने का अधिकार सिर्फ ईरान के पास है। इस मुद्दे पर कोई बाहरी देश फैसला नहीं कर सकता। ईरान और उसके विरोधियों के बीच जारी सीजफायर बातचीत के दौरान हालात ऐसे बन गए हैं जहां कोई भी पक्ष खुलकर युद्ध नहीं चाहता, लेकिन दोनों यह दिखाना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर वे लड़ाई फिर शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग्स कॉलेज लंदन के लेक्चरर राब गीस्ट पिनफोल्ड के मुताबिक ईरान को लग रहा है कि लंबी बातचीत से उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है।



■ कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया: ट्रम्प

# पाक के जरिये नया अमेरिकी युद्ध विराम प्रस्ताव

## समीक्षा कर रहा ईरान, अब तक तेहरान ने प्रस्ताव को लेकर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया

**तेहरान।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया संघर्ष को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए पाकिस्तान के जरिये नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े कूटनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन अब तक उसने कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम करने के लिए मध्यस्थ लगातार कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान यात्रा का प्लान बनाया है।

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा था कि ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक, बघाई ने कहा कि ईरान को उसके 14 सूत्रीय प्रस्ताव पर अमेरिका का जवाब मिल गया है और उसकी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी की तेहरान यात्रा का मकसद दोनों पक्षों के बीच बातचीत को आसान बनाना है। बघाई ने कहा कि इस समय हमारी प्राथमिकता लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करना है। ईरान ने अपनी मुख्य मांगों में जमा फंड जारी करने, समुद्री रास्तों में कथित बाधाएं खत्म करने और ईरानी जहाजों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों को रोकने की बात कही है। उन्होंने दोहराया कि तेहरान पूरी गंभीरता और अच्छी भावना के साथ बातचीत कर रहा है। लेकिन अमेरिका को भी ईमानदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में वाशिंगटन का रिकार्ड बहुत खराब रहा है, इसलिए गहरे अविश्वासश वाला बातचीत का माहौल है। उन्होंने कहा, हमारी नजरें खुली हैं और हमारी सेना पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान किसी भी तरह का भरोसा जताए बिना भी बातचीत जारी रखेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की। नकवी इस सप्ताह दूसरी बार तेहरान पहुंचे और उन्होंने ईरान के गृह मंत्री तथा राष्ट्रपति से बातचीत की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने नकवी के साथ बैठक में क्षेत्रीय हालात, ईरान-अमेरिका के अप्रत्यक्ष वार्ता और कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। वहीं, इजरायली मीडिया संस्थान सी-14 ने दावा किया कि पाकिस्तान की शांति समझौते में दिलचस्पी उसकी आर्थिक मुश्किलों से जुड़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान और पाकिस्तान के बीच ऐसी समझ बनी है, जिसके तहत पाकिस्तान ईरान को बेहतर समझौता दिलाने में मदद करेगा। इसके बदले ईरान प्रतिबंधों में राहत और संभावित समझौते के बाद मिलने वाले फंड के जरिये पाकिस्तान को उसके कर्ज संकट से उबरने में मदद करेगा। पश्चिम एशिया में हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि कई पक्ष समझौते के जरिये तनाव कम करने की कोशिश में जुटे हैं।



■ ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है: बघाई

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए जहाजों को लेनी होगी अनुमतिः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य में अपने नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस समुद्री मार्ग से गुजरने से पहले सभी जहाजों को अनुमति लेनी होगी और समन्वय स्थापित करना होगा। 'फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण' ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जलडमरुमध्य में नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा कि निंगरानी क्षेत्र पूर्व की ओर ईरान के कुह-ए उबारक से लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह के दक्षिण तक और पश्चिम की ओर ईरान के केश्म द्वीप के छोर से लेकर यूएई के उम अल कुवैन तक फैला हुआ है। प्राधिकरण ने कहा कि निर्दिष्ट क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को फारस की खाड़ी जलमार्ग प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय करना होगा और जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से पहले आवाजाही कि अनुमति प्राप्त करनी होगी।

# युद्ध नहीं, सम्मानजनक कूटनीति ही बेहतर रास्ता

■ ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने फिर दोहराया अपना रुख

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट संदेश दिया है कि उनका देश युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद को प्राथमिकता देता है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा अपने सभी दायित्वों का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव रास्ता अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कूटनीतिक विकल्प अभी भी खुले हुए हैं।

पेजेशकियन ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि किसी भी देश को बल या दबाव के जरिए झुकाने की कोशिश करना एक भ्रम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियां लंबे समय में स्थाई समाधान नहीं दे सकतीं। उनके अनुसार, आपसी सम्मान के साथ की गई कूटनीति ही अधिक समझदारी भरा, सुरक्षित और स्थाई रास्ता है। रायटर्स ने ट्रम्प के हवाले से कहा, सब कुछ खत्म हो गया है। उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। लगभग सब कुछ। अब बस एक ही सवाल है, क्या हम जाकर इसे खत्म कर दें? क्या वे किसी दस्तावेज पर दस्तखत करने वाले हैं? चलिए देखते हैं क्या होता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वह क्षेत्र में बड़े युद्ध की बजाय सीमित स्तर पर तनाव या हिंसा को बेहतर मानते हैं। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से मैं यह देखना चाहूंगा कि बहुत ज्यादा लोगों की बजाय कम लोगों की जान जाए। हम इसे किसी दूसरे तरीके से भी कर सकते हैं, लेकिन मैं कम नुकसान देखना चाहूंगा। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में खराब आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण लोगों के बीच गुस्सा बढ़ रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के साथ एक सीमित समझौते का मतलब लंबे समय के संघर्षविराम से है, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हम इसे एक मौका देने जा रहे हैं। मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है।

## दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थाई विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं।

## इबोला संकटः भारत-अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन टला

■ अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया: सरकार

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला वायरस के मामलों के बीच भारत और अफ्रीकी संघ ने नई दिल्ली में होने वाला इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट स्थगित कर दिया है।

यह सम्मेलन 28 मई से आयोजित होना था। भारत सरकार ने बयान जारी कर कहा कि अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया गया है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो के साउथ किवु प्रांत समेत अफ्रीका के कई इलाकों में इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं। भारत और अफ्रीकी संघ चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की तैयारियों में जुटे थे। हालांकि हालात की समीक्षा के बाद दोनों पक्षों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। सरकार ने कहा कि सम्मेलन की नई तारीख आपसी परामर्श के बाद तय की जाएगी। यह फैसला भारत और अफ्रीकी संघ आयोग के चेयरपर्सन के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। दोनों पक्षों ने सहमति जताई कि मौजूदा परिस्थितियों में सम्मेलन बाद में आयोजित करना उचित रहेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मध्य अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैले इबोला प्रकोप को अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया है।

# ईरान-अमेरिका वार्ता में उभरा नया ताकतवर चेहरा

## ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी समझौते और युद्ध पर रणनीति तय करने वाले अहम नेताओं में शामिल

**तेहरान।** अमेरिका के साथ जारी युद्धविराम और परमाणु वार्ता के बीच ईरान में एक कट्टरपंथी सैन्य चेहरे का प्रभाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी अब अमेरिका के साथ संभावित समझौते और युद्ध खत्म करने को लेकर रणनीति तय करने वाले सबसे अहम नेताओं में शामिल माने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वहीदी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सीधे संपर्क में हैं। बताया जा रहा है कि फरवरी में इजरायली हमलों में घायल होने के बाद खामेनेई सार्वजनिक जीवन से दूर हैं। ऐसे में ईरान की सत्ता के भीतर प्रभाव और नियंत्रण को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं। युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले तक वह सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए थे। हालांकि गुरुवार को ईरानी अखबारों में उनकी तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वह तेहरान में पाकिस्तान के गृह मंत्री से मुलाकात करते दिखे। बताया गया कि पाकिस्तान की ओर से अमेरिका के साथ वार्ता को लेकर संदेश पहुंचाया गया था। वहीदी पर वर्षों से कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उन पर 1994 में अर्जेंटीना के यहूदी सामुदायिक केंद्र पर हुए बम धमाके में भूमिका निभाने का आरोप है, जिसमें 85 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके अलावा 1996 में सऊदी अरब के खोबर टावर्स पर हुए हमले में भी उनका नाम जोड़ा गया, जिसमें 19 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। हालांकि ईरान ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है। इस साल युद्ध के शुरुआती दौर में अपने पूर्ववर्ती की मौत के बाद वहीदी को रिवोल्यूशनरी गार्ड की कमान सौंपी गई थी। अब वह ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके पास बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़ा जखीरा और फारस की खाड़ी में सक्रिय नौसैनिक क्षमता है। विश्लेषकों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर दबाव बनाने और वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित करने की रणनीति में वहीदी की अहम भूमिका है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीटयूट फार द स्टडी आफ वार का कहना है कि वहीदी और उनके करीबी लोगों ने न सिर्फ युद्ध से जुड़ी सैन्य रणनीति बल्कि अमेरिका के साथ वार्ता की नीति पर भी नियंत्रण मजबूत कर लिया है।



■ अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं

## कैरेबियन सागर पहुंचा यूएसएस निमित्ज

■ अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ा दी है। अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस निमित्ज अपने स्ट्राइक ग्रुप के साथ कैरेबियन सागर में पहुंच गया है। यह जानकारी श्द हिलश की एक रिपोर्ट में सामने आई है। यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा के प्रति अपनी बयानबाजी तेज कर दी है और इस द्वीपीय राष्ट्र के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस तैनाती का उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को मजबूत करना है। अमेरिकी नौसेना के इस शक्तिशाली स्ट्राइक ग्रुप में एफ/ए-18ई सुपर हार्नेट लड़ाकू विमान, ईए-18जी ग्रोवलर इलेक्ट्रानिक युद्धक विमान और सी-2 ग्रेहाउंड सपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इसके साथ यूएसएस ग्रिडली विध्वंसक युद्धपोत और पटक्सेंट ईंधन आपूर्ति पोत भी मौजूद हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूएसएस निमित्ज ने ताइवान जलडमरूमध्य से लेकर अरब की खाड़ी तक, स्थिरता सुनिश्चित करते हुए और लोकतंत्र की रक्षा करते हुए दुनिया भर में अपनी युद्ध क्षमता साबित की है। 1975 में कमीशन किए गए इस एयरक्राफ्ट कैरियर ने हाल ही में रियो डी जनेरियो के तट पर ब्राजील की नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया था।

# सिर्फ जन्मजात अमेरिकी नागरिक ही संभालें सत्ता

## रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के अधिकारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने एक संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिक बने लोगों को कांग्रेस सदस्य, संघीय न्यायाधीश और सीनेट की पुष्टि वाले महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने से रोकने की मांग की गई है।

इस प्रस्ताव को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे नस्लवादी, घृणित और विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ बताया है। प्राकृतिक रूप से नागरिकता का मतलब है कि कोई व्यक्ति जन्म से उस देश का नागरिक न हो, लेकिन बाद में कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उस देश की नागरिकता हासिल कर ले। साउथ कैरोलिना की सांसद मेस ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से लंबित संवैधानिक संशोधन पेश किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने के लिए पहले से ही नेचुरल बार्न सिटिजन यानी जन्म से अमेरिकी नागरिक होना जरूरी है, इसलिए यही नियम कांग्रेस, संघीय अदालतों और सीनेट से मंजूर होने वाले पदों पर भी लागू होना चाहिए। मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें उमर सोमालियाई मूल की अमेरिकी हैं, जबकि जयपाल और थानेदार भारतीय मूल के नेता हैं। मेस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका के कानून लिखने वाले, न्यायाधीशों की पुष्टि करने वाले और दुनिया के सामने अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की निष्ठा सिर्फ अमेरिका के प्रति होनी चाहिए, किसी दूसरे देश के प्रति नहीं। उन्होंने खास तौर पर इल्हान उमर का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ नेताओं की वफादारी अमेरिका से बाहर दिखाई देती है। हालांकि, इस प्रस्ताव का असर केवल डेमोक्रेट्स तक सीमित नहीं रहेगा। अमेरिका की कांग्रेस में ऐसे 26 सदस्य हैं जो विदेश में जन्मे हैं, जिनमें कुछ रिपब्लिकन सांसद भी शामिल हैं। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इस प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल ने इसे संकीर्ण सोच, विदेशी विरोधी मानसिकता और अमेरिका के इतिहास का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक नस्लवाद से प्रेरित है और कांग्रेस में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए।



■ मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं

## ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ चीन-रूस मुखर

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की

**बीजिंग।** चीन-रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता के बाद जारी साझा बयान में दोनों देशों ने खुद को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था यानी ऐसी दुनिया के समर्थक के रूप में पेश किया, जहां किसी एक देश का दबदबा न हो।

जिनपिंग ने बिना अमेरिका का नाम लिए कहा कि दुनिया में एकाधिकार और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। दोनों देशों को मिलकर एकतरफा दादागिरी का विरोध करना चाहिए और अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी समकक्ष की इस बात को पुतिन ने रूस-चीन संबंधों के लिए अभूतपूर्व बताया। साथ ही कहा कि एक बहुकेंद्रित दुनिया बनाने की जटिल प्रक्रिया आकार ले रही है और रूस-चीन साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में स्थिरता का बड़ा आधार है। पुतिन-जिनपिंग ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। बीजिंग में पुतिन के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतर्राष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108